हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस


वर्ष : 12 अंक : 76 | देहरादून, सोमवार, 11 सितंबर, 2023 | मूल्य : एक रुपया | पृष्ठ : 08




भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत को नमन : सीएम धामी 3

# पत्रकारिता के 32 साल

## पत्रकारिता सफ़र में मिले दमदार हमसफ़र









न्यूज़ वायरस नेटवर्क
मौ.सलीम सैफी
समूह संपादक,न्यूज वायरस

यूं तो साल गुज़रते है और अगली तारीख व साल एक कदम आगे बढ़ जाते है और एक नई तारीख और साल से रूबरू होना होता है हर किसी को लेकिन दिन और तारीख अगर रोज़ी रोटी और कैरियर से जुड़े हो तो वो तारीख एक सुखद अहसास देती है,ऐसी ही एक तारीख मुझे भी सुखद अहसास देती है ,वो तारीख है 11 सितंबर 1991 ,इसी दिन मैंने मेरठ के हिंदी दैनिक 'हमारा युग' में अपने कैरियर की पहली खबर बतौर ट्रैनी पत्रकार लिखी थी लेकिन आज 11 सितंबर 2023 है और मैं एक छोटी सी मीडिया कंपनी 'न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड' का सीईओ और समूह संपादक हूं यानी 32 साल का सफ़र सिर्फ़ पत्रकारिता के साथ,शुद्ध पत्रकारिता से शुरू हुए सफ़र में बहुत उतार चढ़ाव देखे है, ट्रेनी पत्रकार बनने में मेरी मदद समाजवादी पार्टी के एक वार्ड स्तर के नेता जनाब बाबर खान ने की तो टीवी पत्रकार के रूप में ओपनिंग 1998/1999 में दिल्ली के चर्चित आईपीएस अधिकारी जनाब क़मर अहमद साहब (तत्कालीन डीसीपी दिल्ली पुलिस और पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त डॉ नसीम जैदी के बड़े भाई) की मदद से मिली,उन्होंने तत्कालीन टीवी सुपर स्टार(क्राइम शो इंडियाज़ मोस्ट वांटेड , ज़ी टीवी) जनाब सुहैब इलियासी के असिस्टेंट डायरेक्टर के रूप में शानदार आगाज़ कराया और उसके बाद जनाब अजीत अंजुम की पैनी नज़र ने मुझे पिक करके तराशा और दूरदर्शन के सुपरहिट न्यूज़ मैगजीन 'रोज़ाना' का क्राइम रिपोर्टर बनाया,अजीत अंजुम जी ने मुझे राजधानी दिल्ली के साथ साथ देशभर में क्राइम रिपोर्टिंग के क्षेत्र में स्थापित किया,उनका बहुत बड़ा अहसान है कि उन्होंने मुझपर भरोसा किया,मुझे मौके दिए लेकिन मैने भी अपनी कुशल टीवी पत्रकारिता शैली के चलते उनको निराश नहीं किया,अनुराधा प्रसाद जी और राजीव शुक्ला जी की शबासी काफ़ी हौसला देती थी जिसके चलते उनकी कंपनी बी ए जी फिल्म्स एवं न्यूज नेटवर्क ने मौके उत्तरांचल राज्य निर्माण के साथ साथ उत्तरांचल राज्य का वर्ष 2000 में प्रभारी बनाया (दूरदर्शन की अधिकृत और एकमात्र न्यूज एजेंसी का प्रभारी) और मेरी मुलाक़ात उसी दौरान स्वर्गीय नित्यानंद स्वामी जी से हुई,जो उत्तरांचल के पहले मुख्यमंत्री बने,वो मेरी पत्रकारिता शैली के बहुत कायल थे बेटे की भांति स्नेह देते थे,उसी दौरान उनके धुर विरोधी कहे जाने वाले सिंचाई और ऊर्जा मंत्री आदरणीय भगत सिंह कोश्यारी जी का सानिध्य और आशीर्वाद प्राप्त हुआ जिहोने मेरी पत्रकारिता को एक नई धार दी और मेरे देवीय गुरु बने,बाद में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली और मुझे बेटे/शिष्य की तरह बहुत स्वतंत्रता दी,उसी दौरान आज के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी और खानपुर के निर्दलीय विधायक उमेश कुमार से खासी मित्रता परवान चढ़ी,क्योंकि दोनो ही मेरी पत्रकारिता करने के अंदाज़ के बहुत बड़े प्रशंसक भी थे,उन दिनों के मित्र आज के महान राजनेता है,एक सौम्य,शालीन व सरल और दूसरा बड़ी बड़ी चुनौतियों से सीधा टकराने वाला,वक्त बदला , अंदाज़ बदला कार्यक्षेत्र और संस्थान बदल गए,प्रसिद्ध फिल्मकार जनाब मुज्जफर अली साहब ने मेरे अंदाज से खुश होकर मेरी सिफ़ारिश इंडिया टुडे के मालिक अरुण पुरी जी से कर दी और उन्होंने चैनल के न्यूज डायरेक्टर उदय शंकर को आदेश दे डाला कि सलीम सैफी को 'आज तक' ज्वाइन कराए, फिर क्या क़िस्मत ही बदल गई और मैं देशभर में खासा लोकप्रिय हो गया,आज तक में लगभग 5 साल पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रभारी का दायित्व निभाया तो राजधानी दिल्ली में नेशनल क्राइम ब्यूरो में शम्स ताहिर खान और संजीव चौहान के सानिध्य में जुदा अंदाज़ की क्राइम रिपोर्टिंग का लोहा मनवा दिया,देशभर में जगह जगह रिपोर्टिंग करने का अवसर मुझको आज तक ने दिया,उदय शंकर,सुप्रीय प्रसाद,अजीत अंजुम,रजनीश आहूजा,वीवीपी शर्मा,जेपी दीवान,अभिजीत,राणा यशवंत,अखिल भल्ला,रेहान किदवई, रफे सुलतान,ताहिर चौधरी,अमित कुमार,अजय कुमार,अशोक बनोट,विनोद शिकारपुरी,परमेंद्र शर्मा,नदीम और न्यूज 24 के आदर्श रस्तोगी जी व शशि शेखर जी जैसे मीडिया महारथियों ने मुझे मेरे टीवी पत्रकारिता के क्षेत्र में अमूल्य योगदान दिया,हौसला बढ़ाया। क़मर वहीद नक़वी जी की तस्वीर मेरे ऑफिस में होना उनकी अहमियत बताने के लिए काफ़ी है।

डॉ.ललित भारद्वाज,श्याम परमार,अश्वनी शर्मा, नईम सैफी,उस्मान चौधरी, सरफराज़ सैफी, परवेज़ सागर,कुमार वरुण,फैसल खान और भोलेनाथ शर्मा जैसे फिल्ड के साथियों के बूते मुझे अपनी टीवी पत्रकारिता को स्थापित करने का सौभाग्य मिला तो अभिषेक सिन्हा,सुहैल सैफी,वसीम चौहान, आसिफ़ जैदी ,शहनाज़, सरफराज मलिक, विनीता लखेड़ा, अफजाल राणा, श्रीनिवास पंत, अनिल राणा, बसंत निगम के अलावा आशीष कुमार तिवारी,शारदानंद उनियाल जैसे साथियों के सहयोग से हमारी मीडिया कंपनी ने फिल्म निर्माण के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए, दिली प्यार अपने आप में झलकता है,वर्ष 2009 में न्यूज़ वायरस की स्थापना के वक्त अभिषेक सिन्हा खुद मेरे लिए कंप्यूटर क्राफ्ट वाले सतबीर भाई से एडिटिंग मशीन खरीद कर लाया तो खानपुर विधायक उमेश कुमार ने वर्ष 2009 में कॉरपोरेट अफेयर मिनिस्टर,भारत सरकार से 'न्यूज वायरस' नाम आवंटित कराकर दोस्ती निभाई क्योंकि आरओसी ने ये नाम हमको देने से इंकार कर दिया था,दोस्तो ,भाइयों और शुभचिंतकों के सहयोग,समर्थन और मार्गदर्शन में आज 'न्यूज वायरस' मीडिया और फिल्म निर्माण के क्षेत्र में प्रतिष्ठा के साथ आगे बढ़ रहा है, न्यूज़ वायरस दिल्ली,उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में अपनी गुणवत्तापूर्ण फिल्म निर्माण के साथ साथ सेंटर ब्यूरो ऑफ कम्युनिकेशन (डीएवीपी) और नेशनल फिल्म डेवलपमेंट काउंसिल(एनटीडीसी),सूचना विभाग ,लखनऊ और सूचना विभाग देहरादून में सूचीबद्ध तो है ही साथ ही साथ देहरादून से दैनिक न्यूज वायरस का प्रकाशन ,न्यूज़ वायरस नेटवर्क डॉट कॉम पोर्टल का संचालन और टीवी न्यूज वायरस नामक यूट्यूब चैनल का प्रसारण करने से पत्रकारिता में अपना योगदान दे रहा है।

सफ़र 32 सालों का है बहुत कुछ लिखा जा सकता था मगर कुछ खट्टा,कुछ मीठा ही काफी है,पत्रकारिता के साथ साथ कानून और वाणिज्य की पढ़ाई ने राजनीति शास्त्र की उच्च शिक्षा को मेरे लिए फिल्म निर्देशन की पढ़ाई के दौरान कभी भी आड़े आने नही दिया बल्कि एक्सपोर्ट मार्केटिंग कोर्स पूरा करने के बाद पत्रकारिता अपना एक अलग अहसास ही मुझे हमेशा सकारात्मक पत्रकारिता के लिए प्रेरित करता रहा,32 सालों के सफर में पत्रकारिता में शान का दौर जिया और देखा है तो बदलता वो दौर भी देखा है जिससे मुझे अनुभव होता है कि अपने बच्चों को पत्रकारिता तो कतई नहीं करानी हालाकि किसी के भी लिए नकारात्मक पत्रकारिता करना एक बहुत बड़ी कला है जो कभी भी ख़त्म नही की जा सकती क्योंकि सिस्टम में बहुतायत संख्या में सकारात्मक पत्रकारिता का सम्मान करने से गुरेज़ है जबकि नकारात्मक सोच का खौफ अलग ही झलकता है,जो हमारे बूते की बात नही,शम्स ताहिर खान और मेरे जैसे पत्रकार हमेशा स्टिंग ऑपरेशन व्यवस्था के घोर विरोधी थे, है और रहेंगे।

### - यादें 32 साल -

- 11 सितंबर 1991 से 11 सितंबर 2023 की कुछ यादें
- आज तक, न्यूज 24, भास्कर न्यूज़, दूरदर्शन और इंडियाज़ मोस्ट वांटेड (ज़ी टीवी) में क्रिएटिव अंदाज़ ओ अदा
- दैनिक हमारा युग, मेरठ समाचार, राष्ट्रीय सहारा, शाह टाइम्स और न्यूज़ वायरस में दिखा क़लम का कमाल
- क्राइम और इन्वेस्टिगेशन रिपोर्टिंग में अलग अंदाज़


















## संक्षिप्त खबरें

### उदयनिधि स्टालिन के बयान से बजरंग दल में गुस्सा

हल्द्वानी। मध्यप्रदेश के सीहोर जिले में सनातन धर्म पर दिए गए बयान को लेकर रविवार को तिकोनिया स्थित बुद्ध पार्क में बजरंग दल ने उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने भारत सरकार से ऐसे लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई कर जेल भेजने की मांग की। जिला संयोजक जोगेन्द्र राणा जोगी ने कहा कि कुछ दिन पूर्व तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के पुत्र उदयनिधि स्टालिन व ए राजा ने सनातन धर्म को लेकर आपत्तिजनक बयान दिया था। जिससे लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने भारत सरकार से इन दोनों पर कठोर से कठोर कार्रवाई करने की मांग की। यहां जिला संयोजक अंकित पाल, धर्म प्रसार प्रमुख चन्दन मलारा, नगर संगठन मंत्री भानु जोशी, नगर विद्यार्थी प्रमुख जगदीश दयोरी, प्राची अधिकारी, सह सुरक्षा प्रमुख कमल पाल, देव सिंह बिष्ट, दीपांशु पोखरिया, नवीन रावत, केदार बिष्ट, मयूर गोस्वामी, अनिल पाल, सुमित चिमवाल आदि रहे।

### वन विभाग ने आरामशीन से अवैध लकड़ी बरामद

हल्द्वानी। तराई केंद्रीय वन प्रभाग के बरहैनी रेंज की टीम ने बैलपड़ाव स्थित एक आरामशीन से अवैध लकड़ी बरामद की है। रेंजर प्रदीप असगौला ने बताया कि बोर कमोला बीट प्लॉट संख्या 5 में सागौन के दो पेड़ों के अवैध कटान की मुखबिर से सूचना मिलने पर बैलपड़ाव स्थित कृष्णा आरा मशीन में छापा मारा गया। आरा मशीन से पातन हुए सागौन वृक्ष का समस्त प्रकाष्ठ बरामद किया गया। उन्होंने कहा कि मामले की जांच कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### मानवाधिकार की नई कार्यकारिणी को सम्मानित किया

हल्द्वानी। भारत मानवाधिकार संगठन की ओर से लोगों को मानव अधिकार के बारे में बताया गया। साथ ही नई कार्यकारिणी को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम रविवार को नैनीताल रोड स्थित एक होटल में हुआ। मुख्य अतिथि डॉ.भावना गुप्ता व गुरमीत सिंह और विशिष्ट अतिथि निर्मल जोशी, शशि सिंह व पंकज तिवारी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दीप्ती चुफाल व कुंदन रावत ने की। यहां प्रेमलता वाठक, नंदा सिंह, गीता बोरा, राजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### शिखर फॉल में स्वच्छता अभियान चलाया

देहरादून। यूबीटी केयर फाउंडेशन ने रविवार को शिखर फॉल में स्वच्छता अभियान चलाया। संस्था प्रत्येक रविवार को स्वच्छता अभियान चलाती है। इस अभियान में मनीष रतूड़ी, प्रज्वल जोशी, पीयूष बिष्ट समेत कई युवा सदस्य शामिल हुए। जिन्होंने आसपास सफाई करने के साथ ही प्लास्टिक कूड़े को एकत्रित किया। बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### एक हजार करोड़ रुपये के टेंडर में हुआ घपला: बॉबी

देहरादून। उत्तराखंड बेरोजगार संघ ने प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना (पीएमजीएसवाई) के एक हजार करोड़ रुपये के टेंडरों में मनमानी का आरोप लगाया है। चेतावनी दी कि शीघ्र टेंडर निरस्त नहीं किए गए तो उग्र आंदोलन होगा। उत्तरांचल प्रेस क्लब में रविवार को आयोजित प्रेसवार्ता में संघ के अध्यक्ष बॉबी पंवार ने बताया कि पीएमजीएसवाई में कार्यकाल खत्म होने के बाद भी एक अफसर पर सरकार मेहरबान है। आरोप लगाया कि प्रतिनियुक्ति अवधि खत्म होने के बाद भी इस अफसर ने पीएमजीएसवाई में 104 कार्यों के एक हजार करोड़ रुपये के टेंडर जारी कर दिए। शिकायत पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी यूआरडीए ने टेंडर प्रक्रिया में अनियमितताएं पाई थी और प्रक्रिया को रोक दिया। लेकिन बाद में गड़बड़ी पकडऩे वाले अफसर को ही हटा दिया गया और टेंडर प्रक्रिया को फिर से बहाल कर दिया गया। बॉबी पंवार ने इसमें बड़े घपले की आशंका जताते हुए कहा कि अगर टेंडरों निरस्त नहीं किए गए थे तो बेरोजगार संघ तालाबंदी करेगा। पत्रकार वार्ता में संघ के उपाध्यक्ष राम कंडवाल, सुरेश सिंह, सुशील कैंतुरा, संजय चौहान, मनीष गुनियाल, विशाल चौहान अखिल तोमर आदि मौजूद थे।

### भाजयुमों की परिचय बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गयी

विकासनगर। भाजपा युवा मोर्चा जिला देहरादून ग्रामीण द्वारा रविवार को नगरपालिका सभागार में युवा मोर्चा की परिचय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूप रेखा तैयार कि गई। भाजयुमो की परिचय बैठक में पहुंचे भाजपा के जिला महामंत्री विनोद कश्यप ने नव नियुक्त पदाधिकारियों का परिचय किया। तत्पश्चात आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की साथ ही कार्यकर्ताओं को लोक सभा चुनाव में जुट जाने का भी आह्वान किया। इसके बाद सभी कार्यकर्ताओं ने शहीद स्मारक पर पौध रोपण किया। जिसमें वन पर्यावरण पर चर्चा करते हुए भाजमुयो जिला अध्यक्ष संजय तोमर ने कहा आज हमारे भारतवर्ष में केवल 23 प्रतिशत वन रह गए। कहा जिसका मुख्य कारण लगातार हो रही वनों की कटाई है। बताया इससे हमारा पर्यावरण भी दूषित हो हो रहा है। कहा हमें दस प्रतिशत और अधिन वनों की आवश्यकता है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को भी अधिक से अधिक वृक्षारोपण के लिए आह्वान किया। इस दौरान दिव्या राणा, विनायक नौटियाल, कपिल शर्मा, संदीप, अक्षय, नरेश अनुज आदि मौजूद रहे।

### 79 लोगों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

ऋषिकेश। दरबार बाबा मोहित में रविवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में 79 लोगों ने रक्तदान किया। लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित भी किया गया। शिविर के कॉर्डिनेटर डॉ. राजे नेगी ने कहा कि दरबार बाबा मोहित का संकल्प जीते-जीते रक्तदान एवं मरने के बाद नेत्रदान करने का है। यह संकल्प जीवन में प्रत्येक व्यक्ति को लेना चाहिए। संस्थान के संस्थापक डॉ. बाबा मोहित ने कहा कि दरबार में हर चार माह बाद स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता रहेगा। शिविर में 79 लोगों ने रक्तदान किया। मौके पर ब्लड सेंटर के संदीप गोस्वामी, संदीप चौधरी, मोनिका पूर्वाल, रिया गोयल, आनंद अंथवाल, आदित्य जोहर, अजय कुमार, विनय कुमार, वीरेंद्र कुमार, सुनील प्रसाद, अमित रावल, कुलदीप अरोड़ा, प्रियंका, किशन नेगी, रुबीना आदि उपस्थित रहे।

### यूकेडी ने चलाया सदस्यता अभियान

ऋषिकेश। आगामी चुनाव को देखते हुए उत्तराखंड क्रांति दल ने सदस्यता अभियान तेज कर दिया है। रविवार को ऋषिकेश के विभिन्न वार्डों से युवाओं ने यूकेडी की सदस्यता ली। उन्हें क्षेत्रीय दलों की अहमियत से रूबरू करवाया गया। उत्तराखंड क्रांति दल ऋषिकेश महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र दत्त नौटियाल की अध्यक्षता में तीर्थनगरी में यूकेडी का सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को शास्त्रीनगर से दर्जनों लोगों ने सदस्यता ग्रहण कर उत्तराखंड क्रांति दल का दामन थामा। यूकेडी महानगर अध्यक्ष वीरेन्द्र दत्त नौटियाल ने बताया कि शास्त्रीनगर से देवराम सेमवाल को वार्ड प्रभारी नियुक्त किया गया। जबकि विजेंद्र रतूड़ी, महेश पनौली, धर्मानंद भट्ट ,जेएस राणा, सुमन रावत और महावीर प्रसाद बडोनी सदस्य बने। केंद्रीय महामंत्री संगठन मोहन सिंह असवाल ने कहा कि वार्ड स्तर से केंद्र तक दल को मजबूत करने की जरूरत है। अभियान में पुष्पा नेगी,सौरभ सेमवाल,धर्मानंद भट्ट,दिनेश प्रसाद सेमवाल, योगी पंवार, रामचंद्र सेमवाल, रुचि नौटियाल, उमा, शकुंतला,उषा,युद्धवीर चौहन,विमल नौटियाल, अमित कोठरी, शिरा सेमवाल, जे एस राणा, महावीर प्रसाद बडोनी आदि मौजूद रहे।

# कम समय के बावजूद विपक्ष ने सदन में सरकार को घेरा

देहरादून। नेता विपक्ष यशपाल आर्य ने सरकार पर विधानसभा में विपक्ष का सामना करने से बचने का आरोप लगाया है। आर्य ने कहा कि सरकार ने विधानसभा के लिए बहुत कम समय उपलब्ध कराया, फिर भी विपक्ष ने सरकार को सभी विषयों पर जमकर घेरा। रविवार को विधानसभा में मीडिया कर्मियों से बातचीत में आर्य ने कहा कि मानसून सत्र में जहां कांग्रेस विधायक दल ने सरकार को हर कदम पर घेरने का काम किया, वहीं सरकार विपक्ष के प्रश्नों का जबाब देने में असफल रही। कांग्रेस सरकार से मानसून सत्र का समय बढ़ाने की मांग करती रही, लेकिन सरकार ने सत्र नहीं बढ़ाया। उन्होंने कहा कि कार्य संचालन नियमावली के अनुसार साल के तीन सत्रों में कम से कम 60 दिन विधानसभा के सत्र चलाना जरूरी है, लेकिन इस साल अब तक विधानसभा महज 7 दिन चल पाई है। इसमें शोक वाले दिन भी सम्मलित हैं जिनमें शोक प्रस्ताव पर चर्चा के अलावा कोई कार्य नहीं होता है। गत साल भी विधानसभा केवल आठ दिनों के लिए ही चली थी। आर्य ने कहा कि सरकार विधानसभा में महत्वपूर्ण विषयों पर विधेयक नहीं ला रही है। सरकार इस कमी को कांग्रेस विधायक असरकारी विधेयकों के जरिए पूरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि सरकार उपनल, तदर्थ, संविदा, अंशकालिक कर्मचारियों को नियमित करने का विधेयक लेकर नहीं आती है तो विपक्ष अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए असरकारी विधेयकों को पेश कर सरकार को विधायी चुनौती प्रस्तुत करेगा। प्रेस वार्ता में प्रीतम सिंह ने कहा कि प्रदेश में डेंगू विकराल रूप धारण कर चुका है। सरकार रोकथाम में पूरी तरह नाकाम रही है, बीमार और मृतकों का आंकड़ा रोज बढ़ता जा रहा है।

विधानसभा अध्यक्ष के सख्त रुख की सराहनाः यशपाल आर्य ने अवमानना के मामलों में सख्त रुख अपनाने पर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी की सराहना की है। आर्य ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष ने ना सिर्फ सदन कुशलता और निष्पक्षता से संचालित किया बल्कि विधायकों की गरिमा की रक्षा के लिए पीठ से कठोर निर्णय भी लिए। प्रेस वार्ता में विधायक मदन बिष्ट के साथ ही कांग्रेस नेता राजीव महर्षि भी शामिल हुए।

# पढ़ाई के लिए 24 जरूरतमंद बच्चों को बांटी सहायता राशि

ऋषिकेश। सूर्य किरण वेलफेयर सोसाइटी ने रविवार को इंदिरा नगर विस्थापित सभागार में कार्यक्रम आयोजित कर क्षेत्र के 24 जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा के लिए सहायता राशि के चेक वितरित किए गए। अध्यक्ष डीबीपीएस रावत ने कहा कि सोसाइटी का लक्ष्य समाज को एक शिक्षित युवा देना और जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा में हर संभव सहायता करना है। सचिव अंजना रावत ने कहा कि शिक्षा सभी का अधिकार है। समाजसेवी निशांत मलिक ने संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। मौके पर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष राजेश भट्ट, पूर्व प्रधानाचार्य राजेंद्र पांडे, शिक्षक शिवेंद्र ध्यानी, सोसायटी की सचिव अंजना रावत, पार्षद राजेंद्र प्रेम सिंह बिष्ट, ओम प्रकाश, सुदेश शर्मा, संजय बिष्ट, हर्षित आदि उपस्थित रहे।




## ऋषिकेश-हरिद्वार हाईवे पर रहा जाम, रेंग-रेंगकर चले वाहन

ऋषिकेश। हरिद्वार-ऋषिकेश नेशनल हाईवे पर श्यामपुर में रविवार को दिनभर जाम से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। वाहन सवारों को ऋषिकेश के लिए महज 700 मीटर की दूरी तय करने में करीब एक घंटे से भी ज्यादा वक्त लग रहा था। बदहाल और संकरे हाईवे पर पुलिसकर्मी भी यातायात को सुचारु रखने में दिनभर जद्दोजहद करते दिखे। लेकिन पटरी से उतरा ट्रैफिक दिनभर परेशानी का सबब बना रहा। रविवार को हरिद्वार से ऋषिकेश का रुख करने वाले यात्रियों और लोकल सवारी वाहनों को श्यामपुर रेलवे फाटक पर जाम से जूझना पड़ा। सुबह से ही हाईवे पर नेपालीफार्म फ्लाईओवर से लेकर फाटक तक वाहनों की लंबी कतारें नजर आईं। राजमार्ग पर गड्ढे भी जाम की वजह बनते दिखे। ऋषिकेश पहुंचने के लिए दिनभर वाहन सवार रेंग-रेंगकर गुजरते नजर आए। फाटक के आसपास पुलिसकर्मियों की तैनाती होने के बावजूद भी ट्रैफिक पटरी पर नहीं आ सका। बारिश के चलते जलभराव होने से भी दिक्कत आई। सीओ संदीप नेगी ने बताया कि रेलवे फाटक के आसपास हाईवे बेहद संकरा है। जबकि, वाहनों का दबाव अत्याधिक है, इससे जाम की समस्या खड़ी हो रही है। हाईवे के उखडऩे से भी यहां ट्रैफिक स्लो होने की समस्या पैदा हुई है। पुलिस यातायात को सुव्यस्थित रखने का भरसक प्रयास कर रही है, मगर फ्लाईओवर के बगैर इस एरिया में जाम की दिक्कत से छुटकारा फिलहाल मुश्किल ही दिखता है।

## नए नियम का विरोध कर रहे आंदोलनकारी

ऋषिकेश। उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी ऋषिकेश संगठन से जुड़े राज्य आंदोलनकारियों ने सरकार की ओर से जारी नए आरक्षण नियमावली का विरोध किया है। उनका कहना है कि नौकरशाहों द्वारा निजी लाभ के लिए सरकार को भ्रमित किया जा रहा है। रविवार को स्व. इंद्रमणि बडोनी हाल में हुई बैठक में उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानियों ने राज्य सरकार द्वारा उत्तराखंड आंदोलनकारियों के आश्रितों के लिए जारी नियमावली पर चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि इस नियम के मुताबिक सरकार केवल आंदोलन में घायल या जेल जाने वालों के आश्रितों के लिए ही नौकरी में 10 प्रतिशत आरक्षण देने की बात कह रही है। यह पूरी तरह से गलत और पक्षपातपूर्ण व्यवहार है। जबकि ऐसे बहुत से लोग थे, जो आंदोलन में न तो घायल हुए ना ही जेल गए, तो क्या वे आंदोलनकारी नहीं थे। डीएस गोसाईं ने कहा कि ऐसे लोगों की पहचान अखबारों और एलआईयू की रिपोर्ट के माध्यम से की गई और वर्ष 2004-05 में चिन्हिकरण से लाभ भी प्राप्त हुआ। लेकिन आज सरकार द्वारा उनके आश्रितों के साथ नए नियम को लागू कर पक्षपात करने का काम किया जा रहा है। कहा कि यह काम नौकरशहों का है जो सरकार की छवि को भी धूमिल कर रहे हैं। सरकार को चाहिए कि पूर्व की भांति जीओ नंबर 1270 को ही लागू किया जाए। बैठक में गंभीर सिंह मेवाड़, बलवीर सिंह नेगी, गुलाब सिंह रावत, युद्धवीर सिंह चौहान, विशंभर दत्त डोभाल, बेताल सिंह धनी, महादेव रंगन, राजेंद्र कोठारी, हरि सिंह नेगी, जगदंबा भट्ट, बृजेश दुभाल, धर्म सिंह रावत, मुन्नी, लक्ष्मी बूढ़ाकोटी, प्रेम नेगी, अंजू गैरोला, अंजू धस्माना, रेखा उनियाल, सुशीला पोखरियाल, सुशील राणा आदि रहे।

### रायवाला थाने में सिपाही ने की देसी तमंचे से फायरिंग

ऋषिकेश। रायवाला थाने में दो सिपाहियों को डीआईजी ने सस्पेंड कर दिया है। एक सिपाही पर अवैध देसी तमंचे से फायरिंग करने का मुकदमा भी दर्ज कराया है। डीआईजी से सख्त रुख से पुलिस महकमे में खलबली मची हुई है। डीआईजी दलीप सिंह कुंवर के मुताबिक सिपाही सुनील कुमार को ड्यूटी के दौरान अनुशासनहीनता बरतने के आरोप में सस्पेंड किया गया है। जबकि, आशीष कुमार को थाने में खुद की कार में अवैध देसी तमंचा रखने और उससे फायर करने के आरोप में न सिर्फ सस्पेंड किया गया है, बल्कि उसके खिलाफ आम्र्स ऐक्ट में दारोगा योगेंद्र कुमार की तहरीर पर मुकदमा भी पंजीकृत किया गया है। डीआईजी की ओर यह कार्रवाई नवनियुक्त थानाध्यक्ष होशियार सिंह पंखोली के आते ही की गई है।

### तीर्थनगरी में झमाझम बारिश से मिली उमस से राहत

ऋषिकेश। झमाझम बारिश से तीर्थनगरी में लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। मौसम सुहाना होने से लोगों ने राहत की सांस ली। दोपहर तक हुई बारिश ने शहर की ड्रेनेज सिस्टम की भी पोल खोल दी। लोगों को जलभराव से जूझना पड़ा। गर्मी से परेशान ऋषिकेश क्षेत्र के लोगों को बारिश से राहत मिली। तडक़े 4 बजे से ही ऋषिकेश में झमाझम बारिश होने लगी। इस दौरान ऋषिकेश के सटे पिकनिक स्पॉट पर देहरादून, रानीपोखरी, हरिद्वार, हरिपुरकला, भानियावाला, डोईवाला से आए लोगों की भीड़ रही। वहीं जानकी सेतु,रामझूला और लक्ष्मणझूला क्षेत्र में भी पर्यटक चहल-कदमी करते नजर आए। जब दोपहर बाद बारिश थमी तो मौसम खिला-खिला नजर आया। बारिश के चलते लोगों को जलभराव की समस्या भी झेलनी पड़ी। क्षतिग्रस्त सडक़ों पर बारिश से हुए जलभराव से दुपहिए वाहन चालकों व पैदल राहगीरों को दिक्कतें भी झेलनी पड़ी। खासकर हरिद्वार मार्ग, पुरानी चुंगी, मायाकुंड, चंद्रभागा सडक़ में पानी जमा होने से लोग परेशान रहे। जबकि कुछ इलाकों में नालियां चौक होने से बरसाती पानी सडक़ पर बहता रहा। नगर आयुक्त राहुल गोयल ने बताया कि नालियां क्षतिग्रस्त होने से जलभराव की समस्या आ रही है।



# भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत को नमन : सीएम धामी

न्यूज वायरस नेटवर्क

देहरादून , 11 सितंबर , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत का उनकी जन्म जयंती पर भावपूर्ण स्मरण किया है। सीएम ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा भारत रत्न स्व. पंत एक महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, देशभक्त, समाजसेवी तथा कुशल प्रशासक थे। उन्होंने कहा कि पंडित पंत ने देश को नई दिशा देने के साथ ही कुली बेगार प्रथा तथा जमींदारी उन्मूलन के लिए निर्णायक संघर्ष कर समाज में व्याप्त बुराईयों को दूर करने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि हिंदी को राजभाषा के रूप में प्रतिष्ठित कराने तथा उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री एवं देश के गृहमंत्री रहते हुए आधुनिक भारत के निर्माण में भी उनकी महती भूमिका रही। उनका संघर्षशील एवं प्रेरणादायी नेतृत्व देशवासियों के लिए सदा प्रेरणा का स्रोत रहेगा।

# पंत जी ने समाज में व्याप्त बुराइयों को मिटाने में अहम भूमिका निभाई : इला पंत

न्यूज वायरस नेटवर्क



नैनीताल। भारत रत्न पं. गोविंद बल्लभ पंत की 136वीं जयंती समारोह नैनीताल में धूमधाम से मनाया गया। परीक्षाओं में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को भी सम्मानित किया गया। नैनीताल क्लब सभागार में रविवार को भारत रत्न पं. गोविंद बल्लभ पंत की 136वीं जयंती पर कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पंडित पंत की बहू व नैनीताल की पूर्व सांसद इला पंत रहीं। उन्होंने पं. गोविंद बल्लभ पंत की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि पंत जी महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, समाजसेवी एवं कुशल प्रशासक थे। समाज में व्याप्त बुराइयों को मिटाने में अहम भूमिका निभाई। देश की आजादी से पूर्व एवं देश की आजादी के बाद भी उन्होंने देश सेवा के लिए कार्य किए। हिन्दी को राजभाषा का दर्जा दिलाने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एडीएम पीआर चौहान ने कहा कि पंत जी का पूरा जीवन पहाड़ एवं देश के नाम रहा। कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं। यहां पूर्व सांसद डॉ. महेंद्र पाल सिंह, पूर्व विधायक संजीव कुमार आर्य, कार्यक्रम के प्रदेश मुख्य संयोजक गोपाल रावत, सुनील पंत, सरिता पंत, पूरन सिंह मेहरा, स्टेट संयोजक राजेश कुमार, कोआर्डिनेटर ललित भट्ट, सहसंयोजक गोपाल सिंह रावत, प्रो. लक्ष्मण सिंह, सुनील कुमार शर्मा, केएस रौतेला, हाईकोर्ट के बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डीसीएस रावत, शांति मेहरा, दया किशन पोखरिया, आनंद बिष्ट, कुंदन सिंह बिष्ट, कैलाश वर्मा, शांति मेहरा, विमला अधिकारी, पत्रकार गिरीश रंजन तिवारी, चंद्रेक बिष्ट आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नवीन चंद्र पांडे ने किया।

इन्हें किया गया सम्मानितः राजकीय जूनियर हाईस्कूल खुर्पाताल के यश, जोग्यूड़ा की प्रियंका आर्या, अधौड़ा की पीहू महरा, फगुनियाखेत की लक्की जोशी, थापला की डौली, राउमावि जलाल गांव के गौरव बिष्ट, राइंका मंगोली के कार्तिक कोरंगा, राबाइंका खुर्पाताल की महिमा कनवाल को सम्मानित किया गया।

स्कूलों में हुए रंगारंग कार्यक्रमः पं. गोविंद बल्लभ पंत जयंती पर रंगारंग कार्यक्रम हुए। शहीद हीरा बल्लभ भट्ट राइंका ज्योलीकोट में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉ. नारायण सिंह जंतवाल, प्रधानाचार्य कुंदन सिंह बुदियाल, ग्राम प्रधान हरगोविंद रावत, हरीश वारियाल सहित अन्य वक्ताओं ने मेधावियों को सम्मानित किया। अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज बेतालघाट व गरमपानी सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# पूर्व सैनिक सोसायटी दूधली ने धूमधाम से मनाया तृतीय स्थापना दिवस

ऋषिकेश। पूर्व सैनिक सोसायटी दूधली ने तृतीय स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। स्थापना दिवस पर नांगल ज्वालापुर के ग्राम पंचायत भवन परिसर में शहीद स्मारक का उद्घाटन किया गया। रविवार को नांगल ज्वालापुर के ग्राम पंचायत भवन परिसर में पूर्व सैनिक सोसायटी दूधली ने तीसरे स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के तहत परिसर में बनाए गए शहीद स्मारक का उद्घाटन ग्राम प्रधान सुमन ज्याला और शहीद सुरेश जोशी की माता ने रिबन काटकर किया। ग्राम प्रधान सुमन ज्याला ने कहा कि यह शहीद स्मारक पूरे दूधली क्षेत्र की चार ग्राम सभा, सेवारत सैनिक, पूर्व सैनिक, क्षेत्रीय जनता और युवाओं के लिए बड़े सम्मान का स्थल होगा। युवाओं के लिए यह मार्ग दर्शक बनेगा। मौके पर सुबेदार मेजर आरपी उपाध्याय, कैप्टन सीएस बोरा, कैप्टन राम दत्त, करन धामी, डीबी थापा, चंचल धामी, कलम सिंह युवराज, लाल सिंह, राम सिंह, नरेंद्र कन्याल, हरीश ज्याला, रवींद्र कुमार, रवि कुमार, जगत सिंह, एलडी जोशी, सोबन सिंह, मनीराम क्षेत्री आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### जैविक खेती में योगदान के लिए धारी के हर्ष डंगवाल को सम्मान

नैनीताल। जैविक कृषि में अपने योगदान के लिए धारी के सुनकिया गांव के हर्ष डंगवाल को जैविक इंडिया अवार्ड दिया गया है। उन्हें जैविक उत्पाद तैयार करने के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया गया है। ग्रेटर नोएडा में आयोजित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित जैविक कृषि के ग्लोबल लेवल कार्यक्रम में उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में आन्ध्र प्रदेश के कृषि मंत्री काकानी गोवर्धन रेड्डी ने उन्हें प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिह्न के साथ 50 हजार रुपये का चेक भी प्रदान किया। कार्यक्रम में इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ आर्गेनिक एग्रीकल्चर मूमेंट वर्ल्ड के अध्यक्ष सीके गांगुली, इंटरनेशनल कोम्पिटेंस सेन्टर फार आर्गानिक एग्रीकल्चर के निदेशक मनोज कुमार मेमन, डोरीराज प्रेसीडेंट और पद्मश्री प्रेम चंद्र शर्मा सहित कई अन्य गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया।

***547 वादों का किया निस्तारण***

पौड़ी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पौड़ी, कोटद्वार, श्रीनगर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें मोटर वाहन अधिनियम, मनी रिकवरी, एनआई एक्ट, बैंक रिकवरी, पारिवारिक वाद, आदि वादों निस्तारित किए गए। सीनियर सिविल जज एवं प्राधिकरण के सचिव अकरम अली ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में वादों के निस्तारण के लिए जिले में कुल 7 राष्ट्रीय लोक अदालत पीठ गठित की गई थी। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 549 वाद आए। जिनमें से 547 वादों का निस्तारण कर 1 करोड़ 45 लाख 36 हजार 9 सौ 39 रुपए की धन वसूली की गई।

### वित्तीय साक्षरता अभियान में दी जानकारी

पौड़ी। उत्तराखंड ग्रामीण बैंक गवाणी द्वारा ग्रामीणों को वित्तीय साक्षरता अभियान में कई जानकारी दी गई। इस दौरान शाखा प्रबंधक संजय कुमार, दीपक रावत, विमलेश नवानी, सत्येंद्र सिंह रावत द्वारा ग्रामीणों को बैंक की विभिन्न ऋण योजनाओं, जमा योजना के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान ऑनलाइन ठगी से बचने के उपाय भी बताए गए। बताया गया कि ऑनलाइन बैंकिंग और फ्रॉड कॉलों से बचने के किस तरह के उपाय बरतने चाहिए। कहा कि किसी भी दशा में मोबाइल ओटीपी शेयर नहीं करना चाहिए। इस मौके पर जितेंद्र सिंह नेगी, नरेंद्र सिंह, धीरेंद्र, भगवती प्रसाद, कुंवर सिंह, मनोज गुसाईं, राखी देवी, शान्ति, सुनीता, तनुजा हेमलता आदि शामिल रहे।

### नदियों को बचाने के लिए बने उत्तराखंड नदी प्राधिकरण

पौड़ी। ज्योग्राफिकल सोसाइटी ऑफ सेंट्रल हिमालय द्वारा पौड़ी परिसर में राष्ट्रीय वेबीनार आयोजित किया गया। वेबीनार में वक्ताओं ने विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। वेबीनार में मुख्य वक्ता पूर्व विभागाध्यक्ष भूगोल विभाग जेएस रावत द्वारा हिमालय में हो रहे भौगोलिक परिवर्तनो, ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावो, सूख रही नदियों की स्थिति आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि हिमालय को बचाने के लिए नदियों को बचाना आवश्यक है। नदियों को बचाने के लिए उत्तराखंड नदी प्राधिकरण गठित करना नितांत आवश्यक है। जिससे प्राधिकरण द्वारा जवाबदेही सहित नदियों के पुनर्जन्म का कार्य वैज्ञानिक तरीके से प्रारंभ किया जा सके। कहा कि हिमालय क्षेत्र में सडक़ों के निर्माण हेतु कट ऐण्ड थ्रो टेक्नीक को अपग्रेड कर सडक़ों का निर्माण कट ऐण्ड फिल टेक्नीक द्वारा किया जाना चाहिए। भूगोल विभाग की विभागाध्यक्षा एवं ज्योग्राफिकल सोसाइटी ऑफ सेंट्रल हिमालय की अध्यक्ष प्रो. अनिता रूडोला ने बताया कि पर्वतीय क्षेत्र में सडक़ों के अविवेकपूर्ण चौड़ीकरण से न सिर्फ़ असंख्य पौधो का कटाव हुआ है बल्कि पहाड़ों के कटाव से भूस्खलन की घटनाएं भी बढ़ी हैं और भूस्खलन के नए ब्लीडिंग जोन भी बन गए हैं। सोसाइटी के संरक्षक प्रो. कमलेश कुमार ने बताया कि हिमालय दिवस के अवसर पर ज्योग्राफिकल सोसाइटी ऑफ सेंट्रल हिमालय उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्र में व्याप्त पर्यावरण संबंधी व्यावहारिक समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट करना चाहती है। इस दौरान भूगोल विभाग द्वारा बनाई गई पुष्प वाटिका में डा. अभिलेख जगूड़ी के साथ मिलकर सभी छात्र-छात्राओं ने विद्या नर्सरी बैंगवाड़ी के कुलदीप नौडियाल के सहयोग से प्राप्त फूलों के 50 पौधों का रोपण भी किया। इस मौके पर प्रो. वीपी सती, पूर्व प्राचार्य डा. राजेंद्र भंडारी, डा. राजेश भट्ट, डा. किरण त्रिपाठी, सोसाइटी की कोषाध्यक्ष डा. केएस बिष्ट, सहसचिव मंजू भंडारी, डा. अनिल दत्त, शोध छात्र, मनदीप सिंह, वीर सिंह, रियाज आदि शामिल रहे।

### पौड़ी में बनेगा जीबी पंत संग्रहालय

पौड़ी। जिला मुख्यालय में भारतरत्न पं. गोविंद बल्लभ पंत की 136 वीं जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। इस मौके पर डीएम ने जीबी पंत इंजीनियरिंग कालेज घुड़दौड़ी में पं. जीबी पंत की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। जिला कार्यालय में उनके जीवनवृत्त पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। भारतरत्न गोविंद बल्लभ पंत की 136वीं जयंति जिले में धूमधाम के साथ मनाई गई। डीएम डा. आशीष चौहान समेत स्कूली छात्र-छात्राओं ने उनके जीवन चरित्र व आजादी में उनके योगदान पर रोशनी डाली। डीएम डा. चौहान ने कहा कि जीबी पंत ने हिंदू कोड बिल को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। जिससे महिला वर्ग को विशेष अधिकार प्राप्त हुए। साथ ही उन्होंने काशीपुर में प्रेम सभा का गठन किया जिसने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किए। डीएम ने कहा कि भारत रत्न पं. गोविन्द बल्लभ पंत की प्रतिमा नगर में स्थापित की जाएगी। उन्होंने कहा कि गोविंद बल्लभ पंत के जन्मस्थल पौड़ी के च्वींचा गांव में हुआ। लिहाजा उनके नाम पर संग्रहालय बनाने के लिए आगे की कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष भाजपा सुषमा रावत, ब्लाक प्रमुख कोट पूर्णिमा नेगी, आंदोलनकारी बीरा भंडारी, मनोज रावत, कुलदीप गुसाईं, मेहरबान सिंह, प्रेम चंद्र ध्यानी आदि मौजूद रहे।

### लोकसभा चुनाव में भाजपा भारी बहुमत से जीतेगी: बछेती

पौड़ी। भाजपा दिल्ली के प्रदेश सचिव विनोद बछेती ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरा देश सुरक्षित हाथों में है। और इसका ज्वलंत उदाहरण आज देश के हर कोने में विकास के रुप में है। कहा कि विपक्ष आज मुददा विहीन हो गया है इसलिए अर्नगल बयान बाजी के अलावा उसके पास कुछ नहीं है। कहा कि आगामी लोक सभा चुनाव में भाजपा भारी बहुमत के साथ जीत हासिल करेगी। रविवार को पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि पहाड़ से उनका पहले से ही लगाव रहा है। पौड़ी स्थित अपने गांव कांडा आने का उन्हें जब भी मौका मिलता है। वह अपने गांव पहुंचते हैं। भाजपा दिल्ली के प्रदेश सचिव व डीपीएमआई के चैयनमैरन विनोद बछेती ने कहा कि देश के 18 राज्यों में व पैरामेडिकल की शिक्षा के लिए 70 केंद्र संचालित कर रहे हैं। दिल्ली, एनसीआर में ही पैरामेडिकल के 46 केंद्र संचालित कर रहे हैं। कहा कि गढ़वाली, कुमांऊनी, जौनसारी भाषा को बढ़ावा देने के लिए वे गर्मियों की छुटटी के दौरान दिल

## संक्षिप्त खबरें

### अल्प संख्यक समाज के लोग प्रदेश सरकार की योजनाओं का अधिक लाभ उठायें: शादाब शम्स

विकासनगर। वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स रविवार को कुंजाग्रांट मदरसा हिफजुल कुरान में पहुंचे। जहां पर उनका मुस्लिम समाज के लोगों ने बड़ी गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार शिक्षा के प्रति वचनबद्ध है। समाज के लोगों को चाहिए की सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। ताकि समाज के लोग प्रगति के पथ पर आगे बढ़ सकें। वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स ने कहा कि उत्तराखंड सरकार शिक्षा के प्रति वचनबद्ध है। कहा बोर्ड द्वारा उत्तराखंड में वक्फ बोर्ड में पंजीकृत मदरसों को मॉडर्न किया जा रहा है। जिसमे बच्चों को स्मार्ट क्लास व आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ टैबलेट व कंप्यूटर भी मुहैया कराए जाएंगे। कहा इसी क्रम में उत्तराखंड के चार जिलों में चार मदरसों को आधुनिक शिक्षा की शुरुआत वक्फ बोर्ड के द्वारा की जा चुकी है। कहा वक्फ बोर्ड में पंजीकृत मदरसा हिफजुल कुरान कुंजाग्रांट को शामिल भी किया जाएगा। उन्होंने कहा वक्फ बोर्ड में पंजीकृत सभी मदरसों को मॉडर्न स्कूल की तर्ज पर चलाने की ईमानदार कोशिश जारी रहेगी। इस दौरान भाजपा नेता खालिद मंसूरी, जिला पंचायत सदस्य पूजा रावत, उस्मान मुफ्ती, अहसान कारी, इरफान कारी, सहजाद, अब्दुल खालिद आदि मौजूद रहे।

### हादसे में पिता व दो बच्चे जख्मी

ऋषिकेश। चांदमारी में एक बाइक सवार युवक को अज्ञात स्कूटी सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक और बाइक पर बैठे उसके दो बच्चे भी जख्मी हो गए। गंभीर हालत में उन्हें स्थानीय लोगों ने अस्पताल पहुंचाया। युवक की पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात स्कूटी चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।कोतवाली पुलिस के मुताबिक पूर्णिमा देवी निवासी बुल्लावाला, डोईवाला ने तहरीर देकर बताया कि छह अगस्त को पति ज्ञानेंद्र सिंह बाइक से छह साल के पीयूष और 10 वर्षीय दिव्यांशी को स्कूल से लेकर घर लौट रहे थे। इसी बीच तेज गति में आ रहे एक स्कूटी सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। स्कूटी सवार घटना के तत्काल बाद मौके से फरार हो गया। बताया कि पति ज्ञानेंद्र की हालत अस्पताल में गंभीर बनी हुई है। कोतवाल देवेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि अज्ञात स्कूटी सवार की पहचान के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं।

### अग्नि सुरक्षा के दृष्टिगत फायर हाइड्रेंटो का किया निरीक्षण

अल्मोड़ा। एसएसपी रामचंद्र राजगुरु व उप जिलाधिकारी अल्मोड़ा के निर्देशानुसार मुख्य अग्निशमन अधिकारी अल्मोड़ा के पर्यवेक्षण में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी उमेश चंद्र परगाई के नेतृत्व में फायर यूनिट अल्मोड़ा व जल संस्थान की टीम द्वारा रविवार को आगामी सुप्रसिद्ध नंदा देवी मेले में अग्नि सुरक्षा के दृष्टिगत नंदा देवी मंदिर के समीप एवं अल्मोड़ा बाजार में स्थापित फायर हाइड्रेंटो का संयुक्त निरीक्षण करते हुए पानी की सप्लाई को चेक किया गया तथा फायर हाइड्रेंटो मे पाई गई कमियों को मेले से पूर्व दुरुस्त किए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की गई।

### पोषण दिवस धूमधाम से मनाया

विकासनगर। बाल विकास परियोजना ओर से रविवार को त्यूणी क्षेत्र में पोषण पखवाड़े के अंतर्गत पोषण दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें महिलाओं को मोटे अनाज और नंदा गौरा योजना की जानकारी दी गई। कार्यकत्री सविता देवी ने ग्रामीण महिलओं को पौष्टिक आहार वितरित कर मोटे अनाज लेने की सलाह दी। बताया की गर्भवती महिलाओं को अपनी जांच समय-समय करानी चाहिए, जिससे उनका स्वास्थ्य ठीक रहे। बताया गर्भावस्था के दौरान उचित खानपान पर ध्यान देना चाहिए। बताया कि गर्भ में लिंग परीक्षण, कन्या भ्रूण हत्या करना एक अपराध है। उन्होंने पोषण मिशन और सरकार द्वारा गर्भवती महिलाओं के लिए चलाई जा रही लाभदायक योजनाएं की जानकारी दी। इसके साथ ही महिलाओं को नंदा गौरा योजना की भी जानकारी दर गई और स्तनपान के बारे में भी बताया गया। इस दौरान आशा रानी, आदि मौजूद रहीं।

### मोटर मार्ग सुधारीकरण को आज से धरना प्रदर्शन करेंगे ग्रामीण

विकासनगर। लंबे समय से दांवापुल-खारसी मोटर मार्ग के सुधारीकरण की मांग कर रहे खत द्वार और खत बिशलाड़ के ग्रामीणों का सब्र का बांध फूट पड़ा। मार्ग सुधारीकरण नहीं होने से आक्रोशित ग्रामीणों ने सोमवार (आज) से चकराता स्थित लोक निर्माण विभाग कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। द्वार खत के सदर स्याणा रजनीश सिंह नेगी, पूर्व प्रधान सुरेश थपलियाल, युवा संगठन के अध्यक्ष राकेश भट्ट, जिला पंचायत सदस्य मीरा जोशी ने बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा तीस साल पूर्व 16 किमी लंबे दांवापुल-खारसी मोटर मार्ग का निर्माण किया गया था। निर्माण काल से अभी तक मार्ग पर सुधारीकरण कार्य नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि मोटर मार्ग से दोनों खतों के मिंडाल, खनाड़, सिचाड़, कुराड़, बनियाना, मंझगांव, समोग, थणता, जोगियो, बैरावा आदि एक दर्जन गांवों की करीब पांच हजार की आबादी जुड़ी है। कहा कि मोटर मार्ग इतना ऊबड़-खाबड़ की कई लोग दुर्घटना का शिकार होकर अपनी जान गंवा चुके हैं। बताया कि बीते जून माह में भी लोनिवि कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया गया था, तब दो माह में मोटर मार्ग के सुधारीकरण के लिए निविदा प्रक्रिया शुरु करने का आश्वासन दिया गया, लेकिन अभी तक निविदा प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। लिहाजा, सोमवार से अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू करने का निर्णय लिया गया है।

### एलपीजी पंचायत का आयोजन किया

विकासनगर। कस्तूरबा गांधी बालिका इंटर कॉलेज कोरवा में रविवार को पल्लवी गैस एजेंसी कालसी के द्वारा एलपीजी पंचायत का आयोजन किया गया। एलपीजी पंचायत में एलपीजी सेफ्टी क्लीनिक और पर्यावरण के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी प्रदान की गई। कक्षा आठ से लेकर 12वीं तक के बच्चों को एलपीजी की उपयोगिता और उसके महत्व के बारे में बताया गया और पर्यावरण को बचाने में एलपीजी का कितना योगदान है उसके बारे में बच्चों को जानकारी प्रदान की गई। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं के लिए पर्यावरण विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें सभी ने निबंध के माध्यम से पर्यावरण संबंधित हर पहलू को बहुत ही अच्छी तरीके से लिखा। प्रतियोगिता में में 150 सौ छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया, जिसमें पांच छात्र-छात्राओं को जिन्होंने पर्यावरण विषय पर निबंध बहुत अच्छी तरह से लिखा था, उनको सम्मानित किया जाएगा।

### आइंविपा ने किया सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

विकासनगर। डेंगू, टाइफाइड और मलेरिया के बढ़ते प्रकोप को लेकर रविवार को आम इंसान विकास पार्टी का गुस्सा प्रदेश सरकार के खिलाफ फूट पड़ा। संक्रामक बीमारियों के रोकथाम में प्रदेश सरकार को विफल बताते हुए आइंविपा कार्यकर्ताओं ने जमनपुर चौक पर प्रदर्शन कर अपने गुस्से का इजहार किया। आइंविपा अध्यक्ष आकिल अहमद के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आइंविपा अध्यक्ष आकिल अहमद ने कहा कि डेंगू की रोकथाम करने में प्रदेश सरकार पूरी तरह से विफल है।

# पर्वतीय पर्यावरण, पारिस्थितिकी के क्षेत्र में वैश्विक उत्कृष्टता केन्द्र के रूप में विकसित करना आगामी लक्ष्य: प्रो0 सुनील नौटियाल




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

अल्मोड़ा। भारत रत्न पं. गोविन्द बल्लभ पंत के 136वें जन्मदिवस एवं गोविन्द बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान, कोसी-कटारमल, अल्मोड़ा के स्थापना दिवस समारोह का शुभारम्भ सांसद अजय टम्टा एवं कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथियों द्वारा पं. गोविन्द बल्लभ पंत की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन द्वारा किया गया। कार्यक्रम के आरम्भ में संस्थान के निदेशक प्रो0 सुनील नौटियाल ने सभी अतिथियों को विषम परिस्थितियों के बावजूद भी इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता हेतु सबका स्वागत करते हुए संस्थान की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि विगत वर्षों में संस्थान ने जैव विविधता संरक्षण, सामाजिक एवं आर्थिक विकास, जलवायु परिवर्तन तथा जल जमीन संसाधनों के प्रबंधन के क्षेत्र में समन्वित प्रयास किये हैं। संस्थान विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं जैसे हिमालयी क्षेत्र के लोगों की आजीविका वर्धन, जैव विविधता संरक्षण, चीड़ की पत्तियों से विभिन्न सामग्रियों का निर्माण, औषधीय पादपों के उत्पादन के तरीकों को जनमानस तक पहुंचाना तथा पानी के स्रोतों के संरक्षण इत्यादि को धरातल पर उतारने हेतु प्रयासरत है। इस अवसर पर उन्होंने कुली बेगार प्रथा का उल्लेख करते हुए पंडित गोविन्द बल्लभ पन्त जी के हिमालय क्षेत्र में उनके योगदान के बारे में बताया। उन्होंने संस्थान के आगामी लक्ष्य पर्वतीय पर्यावरण, पारिस्थितिकी और सतत विकास के क्षेत्र में वैश्विक उत्कृष्टता केन्द्र के रूप में विकसित करने से भी सबको अवगत कराया। संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ जे सी कुनियाल ने 29वें पं. गोविन्द बल्लभ पंत स्मारक व्याख्यान के वक्ता प्रोफेसर मोहम्मद लतीफ खान, वरिष्ठ प्रोफेसर, डॉ. हरिसिंह गौड़ विश्वविद्यालय, सागर, मध्य-प्रदेश का परिचय देते हुए उनके शोध कार्यों का जीवनवृत्त दिया। इसके उपरान्त प्रोफेसर मोहम्मद लतीफ खान ने आवाजों और दृष्टिकोणों का समावेश? जंगलों में जलवायु लचीलेपन के लिए समुदायों को सशक्त बनाना विषय पर संस्थान का 29वां पं. गोविन्द बल्लभ पंत स्मारक व्याख्यान प्रस्तुत किया। अपने व्याख्यान में उन्होंने भारतीय वनों में जलवायु परिवर्तन से निपटने की क्षमता से सबको अवगत कराया।

अपने अध्यक्षीय भाषण में सांसद एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय टम्टा ने संस्थान द्वारा चलाए जा रहे आजीविका वर्धन में सहायक तथा शोध कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पं. गोविन्द बल्लभ पंत जैसे प्रखर और संघर्षशील नेता की जन्मस्थली में स्थित संस्थान आज अपने शोध और विकास कार्यों को वैश्विक स्तर पर फैला रहा है जो हम सबके लिए गौरव की बात है। उन्होंने संस्थान से हमारी पुरानी समाप्त होती जा रही परम्परा और रीति रिवाजों को पुनः युवा पीढ़ी के मध्य लेन हेतु उचित दिशानिर्देश और कार्ययोजना बनाने की भी अपील की।

# सैन्य परिवारों ने पर्यावरण पार्क भ्रमण कर कूड़ा निस्तारण की जानकार ली

विकासनगर। सेना में तैनात जवानों के परिजनों ने रविवार को छावनी क्षेत्र के एमईएस लाइन स्थित पर्यावरण पार्क (ट्रंचिंग ग्राउंड) का भ्रमण कर कूड़ा निस्तारण के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। फीडबैक फाउंडेशन व छावनी परिषद चकराता द्वारा नवीनतम तकनीक से कूड़ा निस्तारण का कार्य किया जा रहा है, जिसमें कूड़े को अलग-अलग वर्गों में बांट कर इसका निस्तारण किया जा रहा है। रविवार को यहां स्थित पर्यावरण पार्क में पहुंच सेना के जवानों की गृहणियों ने कूड़ा निस्तारण की बारीकियों को समझा। फीडबैक फांउडेशन की टीम द्वारा गृहणियों को घर से ही कूड़ा अलग-अलग कर दिए जाने को लेकर उन्हें जानकारी दी।

उन्होंने उपस्थित महिलाओं को कूड़े के चार प्रकार से सोर्स सेग्रीगेशन की विस्तार पूर्वक जानकारी देने के साथ ही सिंगल यूज़ प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने की सलाह भी दी गई। संस्था के प्रतिनिधि मुनेश यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि घर का कूड़ा बाहर फेंकने से क्या क्या दुष्परिणाम हो सकते हैं। कहा कि कूड़े का सही प्रकार से निष्पादन न होने से पर्यावरण गन्दा होता है, जो विभिन्न रोगों का कारक बनता है। इसलिए घर या घर के बाहर या बस्तियों में कचरा न फैलाने के लिए लोगों को भी जागरूक किया जाए। इसमें महिलाएं बड़ा रोल निभा सकती हैं। उन्होंने महिलाओं को रोजाना निकलने वाले गीले कूड़े, सूखे कूड़े, जैव अपशिष्ट कूड़े व घरेलू हानिकारक कूड़े के निस्तारण के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।महिलाओं को आह्वान किया कि वह घर परिवार और आसपास के समाज मे भी जागरूकता पैदा करें जिससे हमारा वातावरण साफ व स्वच्छ रह सके।

इस मौके पर फीडबैक फाउंडेशन के प्रतिनिधि मुनेश यादव, अनिता कंवर, अंजली, मीना, संगीता, शांति, नेहा, सुनीता आदि उपस्थित थे।

# पेड़ गिरने से वाहन क्षतिग्रस्त कोई जनहानि नहीं

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

अल्मोड़ा। लगातार हो रही बारिश से जनपद में जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। बारिश से जिले की पांच ग्रामीण सडक़ें बाधित चल रही हैं तो वहीं रानीखेत में पेड़ गिरने से वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। गनीमत रही कि जिस वक्त पेड़ गिरा, उस वक्त वाहनों में कोई मौजूद नहीं था। अल्मोड़ा में लगातार हो रही बारिश लोगों की परेशानी का सबब बन गई है। बारिश के चलते रानीखेत तहसील के खनियां गांव के पास एरोड मोटर मार्ग पर एक भारी भरकम विशालकाय चीड़ का पेड़ सीधे वाहनों को ऊपर आ गिरा। प्राप्त जानकारी के अनुसार वहाँ पर खड़ी राजन व ललित की ऑल्टो कार, सुरेन्द्र सिंह की स्कूटी सहित अन्य वाहनों को काफी नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा पेड़ गिरने से मार्ग भी बाधित हो गया। वहीं, पेड़ गिरने की सूचना ग्रामीणों ने प्रशासन को दी। जिसके बाद आपदा की टीम मौके पर पहुंची और पेड़ को हटाकर यातायात सुचारू करवाया। इसके अलावा मलबा आने से एक स्टेट हाइवे भनोली सीमलखेत समेत पांच ग्रामीण सडक़ें बंद हो गई हैं जिनमें अल्मोड़ा ब्लॉक की पातलीबगड़ बड़सीमी मोटर मार्ग,




चौलछीना चुपड़ा मोटर मार्ग, सल्ट ब्लॉक की पीपना मनहेत डंगूला मोटर मार्ग, जेपी पीपल मोटर मार्ग शामिल हैं। अल्मोड़ा आपदा प्रबंधन अधिकारी विनीत पाल ने बताया कि सभी मार्गों को खोलने के लिए जेसीबी मशीन लगाई गई है। जबकि, खनियां के पास वाहनों के ऊपर गिरे पेड़ को हटा दिया गया है। इसमें कोई जनहानि नहीं हुई है। बंद सडक़ों को भी जल्द खोलने के लिए प्रयास जारी है।

# गुलदार से ग्रामीणों को बचाने को रास्तों में लगेंगे सोलर पैनल

पिथौरागढ़। प्रभागीय वनाधिकारी जीवन मोहन दगाडे ने चचरेत के कलेत और नगौर का दौरा कर लोगों से समस्याएं सुनीं। बीते दिनों गुलदार ने एक बच्ची को निवाला बनाया और नगौर गांव में महिला पर हमला किया था। रविवार को डीएफओ दगाडे ने चचरेत व नगौर में पिंजरे और ट्रैप कैमरे की लोकेशन देखी। उन्होंने गांव को जोडने वाले विभिन्न पैदल मार्गों में झाडी अधिक होने से गुलदार का खतरा होने की बात कही। कोटेश्वर में स्थित श्मशानघाट में अधजले शवों को नही छोडने, गांव में जंगली जानवरों के छुपने वाले स्थानों को चिन्हित करने के आदेश वन कर्मियो को दिये।

उन्होंने सुबह व शाम को घरों के बाहर अकेले न निकलने की सलाह दी। कहा कि गुलदार को आदमखोर घोषित करने की कार्रवाई के लिए शासन को पत्र भेजा गया गया है। गांवो में उजाले के लिए सोलर पैनल लगाने की कार्रवाई भी की जा रही है। इस दौरान वन क्षेत्राधिकारी चंदा महरा, वन दरोगा शुभम पाठक, राजेन्द्र कार्की, चारू भट्ट, राजेन्द्र धामी, मनोज पंत, देब धामी, गोपाल राम,ठाकुर सिह,मुकेश बुदियाल,पुष्कर लाल,धीरज बिष्ट मौजूद रहे।

# नेमार ने ध्वस्त किया पेले का ये रिकॉर्ड ब्राजील के लिए कर दिया बड़ा कारनामा

नईदिल्ली, एजेंसी। फुटबॉल वर्ल्ड कप क्वालीफायर 2026 में ब्राजील ने धमाकेदार अंदाज में बोलीविया को 5-1 से हरा दिया। इस मैच में ब्राजील के लिए नेमार ने धमाकेदार प्रदर्शन किया। उन्होंने मैच में दो गोल किए और जीत में अहम भूमिका निभाई। नेमार ने दो गोल करते ही महान फुटबॉलर पेले का एक बड़ा रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया।

नेमार की गिनती दुनिया के बेहतरीन फुटबॉल खिलाड़ियों में होती है। वर्ल्ड कप क्वालीफायर में बोलीविया के खिलाफ नेमार ने टीम के लिए चौथा और पांचवां गोल किया। इससे उनके अब 79 गोल हो गए हैं और वह ब्राजील के लिए सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने महान फुटबॉलर पेले को पीछे छोड़ दिया है। पेले ने ब्राजील के लिए 77 गोल किए हैं। दिग्गज फुटबॉलर पेले का पिछले साल दिसंबर में 82 की उम्र में निधन हो गया था।

विश्व कप क्वालीफाइंग में बोलीविया के खिलाफ मैच में नेमार ने 61वें मिनट में गोल किया। अमेजन शहर के बेलेम में 31 साल के इस खिलाड़ी ने 78वां गोल दागा जिससे वह पेले के 77 गोल के रिकॉर्ड को पीछे छोडने में सफल रहे। अल हिलाल का यह स्ट्राइकर 17वें मिनट में एक पेनल्टी से भी चूक गया था। नेमार ने यह रिकॉर्ड गोल करने के बाद हवा में मुक्का लगाकर जश्न मनाया जैसा कि आमतौर पर पेले किया करते थे। नेमार ने हाल ही में पेरिस सेंट जर्मेन छोड़कर सऊदी अरब के क्लब अल हिलाल से खेलना शुरू किया है।

फुटबॉल के इंटरनेशनल मैचों में सबसे ज्यादा गोल करने का रिकॉर्ड क्रिस्टियानो रोनाल्डो के नाम है। उन्होंने 201 मैचों में 123 गोल किए हैं। दूसरे नंबर पर ईरान के अली दाई हैं। उन्होंने 109 गोल किए हैं। 104 गोल के साथ अर्जेंटीना के लियोनल मेसी तीसरे नंबर पर हैं। वहीं, नेमार ने ब्राजील के लिए 125 मुकाबलों में 79 गोल किए हैं और फुटबॉल में सबसे ज्यादा गोल करने के मामले में 10वें नंबर पर हैं।

# सितंबर में एफपीआई बने शुद्ध विक्रेता, सितंबर में अभी तक 4,200 रुपये के शेयर बेचे

नई दिल्ली, एजेंसी। लगातार छह महीने से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक ने शेयर बाजार में निवेश किया। वह शुद्ध विक्रेता बने रहे। वहीं इस महीने 1 सितंबर 2023 से अब तक इन्होंने 4,200 करोड़ रुपये निकाले हैं। यह अब शुद्ध विक्रेता है। इसकी वजह अमेरिकी बांड पैदावार में बढ़ोतरी, मजबूत डॉलर और वैश्विक आर्थिक विकास पर चिंताओं को माना जा रहा है।

डिपॉजिटरी के आंकड़ें : डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने इस महीने अब तक यानी 8 सितंबर तक 4,203 करोड़ रुपये के शेयर बेचे हैं। वहीं, पिछले महीने एफपीआई निवेश चार महीने के निचले स्तर पर पहुंच गया था। यह 12,262 करोड़ रुपये तक पहुंच गया था। एफपीआई छह महीने यानी मार्च से अगस्त तक लगातार भारतीय इक्विटी खरीद रहे थे। इस अवधि के दौरान 1.74 लाख करोड़ रुपये का शेयर खरीदा है।

# सैकड़ों नौकरियों में कटौती कर सकती है ब्रिटिश बैंकिंग दिग्गज बार्कलेज : रिपोर्ट

लंदन, एजेंसी। ब्रिटिश बैंकिंग दिग्गज बार्कलेज अगले सप्ताह सैकड़ों कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की योजना बना रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार कंपनी ने यह कदम कथित तौर पर अपनी लागत को कम करने के लिए उठाया है।

यूके की बैंकिंग दिग्गज कंपनी अपने घरेलू खुदरा कारोबार में 400 से अधिक नौकरियों में कटौती कर सकती है।

बैंक ट्रेडिंग डिवीजन में क्लाइंट-फेसिंग स्टाफ के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर कुछ डीलमेकर्स में से लगभग 5 प्रतिशत की कटौती करने की योजना बना रहा है।

बार्कलेज भी कथित तौर पर अपनी यूके उपभोक्ता-बैंकिंग इकाई के भीतर टीमों के पुनर्गठन की तैयारी कर रहा है।

बार्कलेज के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि वे अटकलों पर टिप्पणी नहीं करते।

प्रवक्ता के हवाले से कहा गया, हम नियमित रूप से अपने परिचालन की समीक्षा करते हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हम अपने ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को कुशल और प्रभावी तरीके से पूरा कर सकें।

इससे पहले शीर्ष वैश्विक ब्रोकरेज फर्म मॉर्गन स्टेनली ने लगातार वैश्विक मंदी के बीच इस साल नौकरी में कटौती के अपने दूसरे दौर में लगभग 3,000 को नौकरियों को निकाल दिया था।

दिसंबर 2022 में वैश्विक निवेश सलाहकार फर्म ने अपने वैश्विक कार्यबल में लगभग 2 प्रतिशत या लगभग 1,600 कर्मचारियों की कटौती की थी।

मॉर्गन स्टेनली अपने कार्यबल को कम करने में प्रतिद्वंद्वी गोल्डमैन सैक्स और सिटीग्रुप और बार्कलेज सहित अन्य निवेश फर्मों की राह पर चल रही है।

गोल्डमैन सैक्स ने अब तक की सबसे बड़ी कटौती करते हुए जनवरी में लगभग 3,200 नौकरियां समाप्त कर दीं।

# अगले हफ्ते खुलने जा रहा है इस फिनटेक कंपनी का आईपीओ, जानिए सभी डिटेल

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय शेयर बाजार में अगले हफ्ते एक फिनटेक कंपनी जैगल प्रीपेड ओशन सर्विसेज लिमिटेड का आईपीओ खुलने जा रहा है। कंपनी की ओर से जमा की गई आरएचपी के मुताबिक ये खुदरा निवेशकों के लिए 14 सितंबर से लेकर 18 सितंबर के बीच खुलेगा। एंकर निवेशकों के लिए ये आईपीओ 13 सितंबर को खुल जाएगा।

क्या फ्रेश इश्यू का साइज?

इस आईपीओ में फ्रेश इश्यू का साइज 392 करोड़ रुपये का होगा। ये पहले 490 करोड़ रुपये का था, लेकिन प्री-आईपीओ प्लेसमेंट के दौरान अगस्त में दो किस्तों में 98 करोड़ रुपये निवेशकों से जुटाने के कारण इस आईपीओ का फ्रेश इश्यू का साइज घटाकर 98 करोड़ रुपये कर दिया गया।

इसके अलावा कंपनी ने ओएफएस में बिक्री किए जाने वाले शेयरों की संख्या को 1.05 करोड़ से घटाकर 1.04 करोड़ कर दिया गया है। इस ओएफएस में कंपनी के प्रमोटर्स राज पी नारायणम और अविनाश रमेश गोडखिंडी द्वारा शेयर बेचे जा रहे हैं। वहीं, वेंचरईस्ट प्रोएक्टिव फंड एलएलसी, जीकेएफएफ वेंचर्स, वेंचरईस्ट सेडको प्रोएक्टिव फंड एलएलसी, वेंचरईस्ट ट्रस्टी कंपनी, जुजू सॉफ्टवेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड और कोटेश्वर राव मेदुरी अन्य निवेशक भी ओएफएस में शेयरों की बिक्री करेंगे।

इस आईपीओ का उद्देश्य

कंपनी की ओर से आरएचपी में दी गई जानकारी के मुताबिक, इस आईपीओ से मिलने वाली राशि में से 300 करोड़ रुपये का उपयोग कंपनी ग्राहकों के अधिग्रहण और उन्हें रोकने के लिए करेगी। 40 करोड़ रुपये का उपयोग टेक्नोलॉजी और प्रोडक्ट डेवलपमेंट में किया जाएगा। 17.08 करोड़ रुपये का उपयोग कंपनी की ओर से आंशिक और पूरी तरह से कर्ज चुकाने के लिए किया जाएगा।

कंपनी का कारोबार

कंपनी बिजनेस टू बिजनेस टू कस्टमर सेगमेंट में कार्य करती है। यह कंपनी प्रीपेड कार्ड्स और कर्मचारी मैनेजमेंट की सुविधा देती है।

आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज, इक्विरस कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड, आईआईएफएल सिक्योरिटीज लिमिटेड और जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड इस इश्यू के बुक-रनिंग लीड मैनेजर हैं। कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग एनएसई और बीएसई पर सूचीबद्ध होंगे।

# एशिया कप में हाईवोल्टेज मुकाबले से पहले पाक को झटका, वनडे क्रिकेट की बादशाहत छीनी; ऑस्ट्रेलिया फिर नंबर वन बनी

नई दिल्ली, एजेंसी। एशिया कप 2023 के सुपर-4 राउंड में आज भारत और पाकिस्तान के बीच महामुकाबला होने जा रहा है। भारत के खिलाफ मैदान पर उतरने से ठीक पहले पाकिस्तान की टीम को झटका लगा है। दरअसल, साउथ अफ्रीका को मात देते हुए ऑस्ट्रेलिया एक बार फिर से दुनिया की नंबर वन टीम बन गई है और पाकिस्तान क्रिकेट टीम की वनडे में बादशाहत खत्म हो गई है।

आपको बता दें कि इससे पहले अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज जीतने के बाद पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया से वनडे में नंबर एक का ताज छीना था। हालांकि, पाकिस्तान की टीम इस बादशाहत को ज्यादा दिन बरकरार नहीं रख सकी और ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे वनडे में साउथ अफ्रीका को 123 रन से हराकर फिर से नंबर एक की कुर्सी पर कब्जा जमा लिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### बारिश ने मैच भारत-पाकिस्तान मैच में डाला खलल, मजबूत स्थिति में टीम इंडिया; स्कोर 147/2

कोलंबो ,10 सितंबर। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम इंडिया ने पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप के सुपर फॉर मुकाबले में रविवार को शानदार शुरुआत की। गिल और रोहित के बीच पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी हुई। फिलहाल, बारिश के कारण मैच रोका गया है। एशिया कप-2023 के सुपर-4 स्टेज का तीसरा मुकाबला भारत और पाकिस्तान के बीच खेला जा रहा है। हालांकि, बारिश ने मैच का मजा खराब कर दिया है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 24.1 ओवर में 2 विकेट पर 147 रन बना लिए हैं। विराट कोहली 8 और केएल राहुल 17 पर नाबाद हैं। इससे पहले शुभमन गिल (58 रन) और रोहित शर्मा (56 रन) बनाकर आउट हुए। पाकिस्तान की ओर से शाहीन शाह अफरीदी और शादाब खान को 1-1 विकेट मिला।

### यूएस ओपन 2023: कोको गॉफ ने पहली बार जीता ग्रैंडस्लैम, फाइनल में सबालेंका को हराया

न्यूयॉर्क, एजेंसी। यूएस ओपन 2023 के विमेंस सिंगल इवेंट का फाइनल मुकाबला अमेरिका की कोको गॉफ और आर्यना सबालेंका के बीच खेला गया। इस मुकाबले को कोको गॉफ ने जीत इतिहास रच दिया। उन्होंने अपने करियर का पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता है। इस मुकाबले पहले सेट में मिली हार के बाद उन्होंने शानदार वापसी की और इस खिताब को अपने नाम किया। फ्लोरिडा की रहने वाली इस खिलाड़ी की शुरुआत इस मैच में बेहद खराब रही, लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए 2-6, 6-3, 6-2 से जीत हासिल की। इस टूर्नामेंट में मिली हार के बाद भी सोमवार को जारी होने वाली डब्ल्यूटीए रैंकिंग में सबालेंका का नंबर 1 बनना तय है।

यूएस ओपन जीतने के बाद गॉफ काफी खुश नजर आई। उन्होंने मैच के बाद कहा कि मैं इस समय खुशी से सरोबार हूं और थोड़ा राहत भी महसूस कर रही हूं। क्योंकि ईमानदारी से कहूं तो इस बार मैं अन्य लोगों के लिए नहीं बल्कि खुद के लिए जीतना चाहती थी। गॉफ अब सेरेना विलियम्स के साल 1999 में खिताब जीतने के बाद अमेरिका की पहली युवा हैं जो किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में विमेंस सिंगक की चैंपियन बनी हैं। गॉफ का ये फाइनल मैच देखने के लिए कई बड़ी हस्तियां वहां पहुंची थी। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा भी वहां मौजूद थे, जिन्होंने उनके जीत के बाद बधाई संदेश भी भेजा। इस टूर्नामेंट में चैंपियन बनने पर गॉफ को चमचमाती ट्रॉफी और 30 लाख डॉलर की इनामी राशि मिली है। यूएस ओपन के फाइनल में मिली जीत के बाद गॉफ वर्ल्ड रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच जाएंगी जबकि फाइनल तक का सफर तय करने के कारण सबालेंका के लिए राहत की बात यही है कि वह वर्ल्ड नंबर 1 बन जाएंगी। फाइनल में मिली हार के बाद सबालेंका ने कहा कि यह भी एक उपलब्धि है और यही वजह है कि मैं बहुत अधिक दुखी नहीं हूं। मैं निश्चित तौर पर इसका जश्न मनाऊंगी। उन्होंने कहा आगे कहा कि कुछ अवसरों पर मैं भावुक हो सकती हूं। कोर्ट पर आज मैं कुछ ज्यादा ही सोच रही थी और मैंने उन अंको को भी गंवाया जिन्हें मुझे हासिल करना चाहिए था। यूएस ओपन के मेंस सिंगर फाइनल मुकाबले में नोवाक जोकोविच और दानिल मेदवेदेव आमने-सामने होंगे। इस दोनों ही खिलाडियों ने इस पूरे टूर्नामेंट में काफी शानदार प्रदर्शन किया है और काफी अच्छे फॉर्म में भी नजर आ रहे हैं। ऐसे में इन दोनों खिलाडियों के बीच काफी कांटे की टक्कर देखने को मिल सकती है। नोवाक जोकोविच और दानिल मेदवेदेव के बीच होने वाले इस मैच भी जीतने वाले खिलाड़ी ने एक ट्रॉफी और 30 लाख डॉलर दिए जाएंगे।

### अडानी इंटरप्राइजेस और अडानी पोर्ट में प्रमोटर ग्रुप ने बढ़ाई हिस्सेदारी, एक्सचेंज फाइलिंग में दी जानकारी

नई दिल्ली, एजेंसी। अरबपति कारोबारी गौतम अदाणी के नेतृत्व वाले प्रमोटर ग्रुप की ओर से ग्रुप की दो कंपनियों में हिस्सेदारी को बढ़ाया गया है। एक्सचेंज पर मौजूद डेटा के मुताबिक, अदाणी एंटरप्राइजेज में प्रमोटर ग्रुप ने हिस्सेदारी को 69.87 प्रतिशत से बढ़ाकर 71.93 प्रतिशत कर दिया है। यह एक महीने में दूसरी बार जब अदाणी ग्रुप की ओर से फ्लैगशिप कंपनी में हिस्सेदारी बढ़ाई गई है। इससे पहले प्रमोटर ग्रुप ने हिस्सेदारी को 67.65 प्रतिशत से बढ़कर 69.87 प्रतिशत किया था।

अदाणी पोर्ट में भी बढ़ाई हिस्सेदारी : अदाणी पोर्ट में भी प्रमोटर ग्रुप की ओर से हिस्सेदारी को बढ़ाया गया है। अदाणी पोर्ट में अब प्रमोटर की हिस्सेदारी 63.06 प्रतिशत से बढ़कर 65.23 प्रतिशत हो गई है।

किन-किन ने खरीदी हिस्सेदारी? : रिसर्जेंट ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट लिमिटेड की ओर से अदाणी पोर्ट में ओपन मार्केट के जरिए एक प्रतिशत की हिस्सेदारी खरीदी गई है, जबकि इमर्जिंग मार्केट इन्वेस्टमेंट डीएमसीसी ने ओपन मार्केट से अदाणी पोर्ट में 1.2 प्रतिशत हिस्सा खरीदा हैं। दोनों प्रमोटर ग्रुप की कंपनियां हैं। अदानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड के शेयर केम्पास ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट लिमिटेड और इनफिनिट ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट लिमिटेड द्वारा खरीदे गए हैं। एक्सचेंज फाइलिंग में कहा गया है कि 14 अगस्त से 8 सितंबर के बीच ये लेनदेन ओपन मार्केट से किया गया है।

### बायोफ्यूल एलाइंस से भारत समेत जी20 देशों के लिए पैदा होंगे 500 अरब डॉलर के अवसर : रिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी। बायोफ्यूल एलाइंस अगले तीन वर्षों में जी20 देशों के लिए 500 अरब डॉलर के अवसर पैदा करेगा। ये कहना है इंडियन बायोगैस एसोसिएशन का। साथ ही कहा कि यह जी20 देशों के साथ पर्यावरण के लिए भी अच्छा है। आईबीए की ओर से इसके लिए एक स्टडी की गई, जिसमें बताया गया कि अगले तीन वर्षों में 500 अरब डॉलर के अवसर पैदा हो सकते हैं।

जी20 की अध्यक्षता कर रहा भारत

ये स्टडी ऐसे समय पर सामने आई है। जब भारत जी20 की अध्यक्षता कर रहा है। बायोगैस की मदद से 200 अरब डॉलर के अवसर पैदा हो सकते हैं। अन्य एनर्जी विकल्पों के मुकाबले इसमें निवेश की कम आवश्यकता होगी,क्योंकि इसके लिए कच्चा माल आसानी से मिल जाता है।

जैविक ईंधन को रिप्लेस करने की क्षमता

बायोएनर्जी/बायोगैस में सैद्धांतिक रूप से जैविक ईंधन को रिप्लेस करने की क्षमता है। इसके ट्रांसपोर्ट सेक्टर को कार्बन मुक्त करने में मदद मिलेगी।

हालांकि, स्टडी में बताया गया कि बायोगैस इंडस्ट्री को बढ़ाने के लिए शुरुआत में करीब 100 अरब डॉलर के निवेश की आवश्यकता है।

2016 में जी20 की ओर से रिन्यूएबल एनर्जी को आगे बढ़ाने के लिए एक ऐच्छिक एक्शन प्लान बनाया गया था। इसके बाद भारत ने रिन्यूएबल एनर्जी में काफी बढ़त हासिल की है। ओवरऑल एनर्जी मिक्स में रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता 22 प्रतिशत की सीएजीआर की मदद से बढ़ाया गया है। पिछले एक दशक में भारत ने सोलर एनर्जी क्षमता को 20 गुना बढ़ाया है।

# ऋषिकेश मेयर ममगाईं ने की सीएम धामी से मुलाकात

■ ऋषिकेश के लिए 100 करोड़ की राशि आवंटित करने की मांग की

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ऋषिकेश। बीते दिनों भारी बारिश के चलते आई आपदा से ऋषिकेश में सडक़ें, नालियां और घाट क्षतिग्रस्त हो गए हैं। जलभराव से कई समस्याएं उत्पन्न हुई हैं। मेयर अनिता ममगाईं ने क्षतिग्रस्त सडक़ों, नालियों और घाटों के निर्माण कार्यों और अन्य समस्याओं के समाधान के लिए सरकार से 100 करोड़ की राशि आवंटित करने की मांग की। रविवार को ऋषिकेश मेयर अनिता ममगाईं ने देहरादून में सीएम पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। उन्होंने बीते दिनों ऋषिकेश और आसपास लगातार हुई बारिश से उपजी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया।

कहा कि दैवीय आपदा में विभिन्न क्षेत्रों में लोगों के घरों में घुसे बरसाती पानी से जहां आमजनमानस को काफी नुकसान झेलना पड़ा, वहीं नगर निगम के विभिन्न क्षेत्रों की सडक़ें, सम्पर्क मार्ग एवं नालियां भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई हैं। कई मार्गों पर कीचड़ एवं बरसाती पानी भरा होने की वजह से विभिन्न बीमारियों का खतरा भी लगातार मंडरा रहा है। इन समस्या से निपटने के लिए तकरीबन सौ करोड़ रुपये की जरूरत होगी। ऋषिकेश नगर निगम को यह राशि मुहैया करवाई जाए। उन्होंने सीएम को ज्ञापन भी सौंपा। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि प्रदेश के तमाम आपदा प्रभावित क्षेत्रों में विशेष प्राथमिकता के साथ राहत एवं बचाव, पुनर्वास और पुनर्निर्माण कार्य जारी है। योगनगरी ऋषिकेश की सडक़ों के लिए भी हर संभव मदद की जायेगी।

# धूमधाम से मनाया गया भारत रत्न पण्डित गोविंद बल्लभ पंत का 136 वां जयंती समारोह

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

अल्मोड़ा। भारत रत्न पण्डित गोविंद बल्लभ पंत का 136 वां जयंती समारोह जनपद भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अल्मोड़ा लोकसभा सांसद अजय टम्टा ने जीबी पंत की जन्मस्थली ग्राम खूंट में पहुंचकर स्वर्गीय पंत की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा समस्त जनपद एवं राज्यवासियों को शूभकामनाएं दी। ग्राम खूंट में अल्मोड़ा विधायक मनोज तिवारी, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश बहुगुणा, उपजिलाधिकारी सदर जयवर्धन शर्मा समेत अन्य ने भी जीबी पंत की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा यहां पर पौधारोपण किया। सांसद अजय टम्टा ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है, कि अंग्रेजी राज की विषम परिस्थितियों में भी पंत जी ने इस क्षेत्र का नाम विभिन्न मंचों पर रोशन किया था। उन्होंने कहा कि तत्कालीन संसाधन विहीन परिस्थितियों में भी उन्होंने अध्यापन के साथ साथ राजनैतिक कार्य, वकालत तथा विभिन्न कार्य करके राष्ट्र को अपना अमूल्य योगदान दिया।

उन्होंने कहा कि पंत जी ने संयुक्त प्रांत के मुख्यमंत्री पद को भी सुशोभित कर हमारे पर्वतीय अंचल को गौरवान्वित किया था। उन्होंने कहा कि देश के गृह मंत्री पद को भी उन्होंने सुशोभित कर देश के नक्शे में पहाड़ का नाम रोशन किया था। ग्राम खूंट में पुस्तकालय भवन में आयोजित कार्यक्रम में पंत जी के जीवन के बारे में वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखे तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

विधायक मनोज तिवारी ने भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत जी को श्रृद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का अल्मोड़ा की धरती पर जन्म होना हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि साइमन कमीशन जैसे विभिन्न आंदोलनों में उनकी प्रमुख भूमिका रही तथा स्वतंत्रता आंदोलन में भी उन्होंने सक्रिय भागीदारी निभाई। उन्होंने कहा कि उन्होंने सामाजिक समरसता को बनाए रखने में भी महती भूमिका निभाई थी। इस अवसर पर जिलाधिकारी विनीत तोमर, नगरपालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, पुलिस उपाधीक्षक विमल प्रसाद समेत अन्य ने भी मॉल रोड स्थित पंत पार्क में भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा, क्षेत्रीय पुरातात्विक अधिकारी सीएस चौहान, ग्राम प्रधान खूंट बलवंत सिंह समेत अन्य उपस्थित रहे।

# गोर्खाली समाज ने किया हरितालिका तीज महोत्सव आयोजित

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

विकासनगर। नगर पालिका टाउन हॉल में रविवार को गोर्खाली समाज ने हरितालिका तीज महोत्सव आयोजित किया गया। इसमें महिलाओं ने नेपाली गीतों पर नृत्य कर पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम के दौरान देर शाम तक महिलाएं खूब थिरकीं, उसके बाद भगवान शिव और मां पार्वती की आराधना कर पति के दीर्घायु की कामना की। महोत्सव का उद्घाटन करते हुए विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने कहा कि तीज पर्व गोर्खाली समाज की अद्भुत संस्कृति का हिस्सा है, जिसमें ईश्वर की आराधना के साथ ही संस्कृति की अमिट छाप दिखाई देती है। कार्यक्रम की शुरुआत लाल और हरे रंग के पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं ने 'भातै र खाम्ला जेठो बुढो धानैको, तरकारी खाम्ला गाबा बरि लै, लिन र आए भेट्न आए मेरा दाजै, बिर्साइदिए आमा बरि लै... जैसे पारंपरिक गीत से की। इसके बाद 'आगँनी को डिल डाल काली कौवै का का, के समाचार ल्यायौ काली कौवै का का..., 'नदीपारि दिए मेरा बाबैले, तर्न सकिनँ आइनँ बरि लै..., 'लेक फुल्यो लालीगुराँस, बेसी फुल्यो टोनी बरि लै, जन्मै किन हेपिएको, यो छोरीको जुनी बरि लै... जैसे पारंपरिक गीतों पर नृत्य कर महोत्सव में समां बांध दिया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष शांति जुवांठा, नपा सभासद बिशन राणा, कै. शिव प्रसाद प्रधान, कमला प्रधान, माला शर्मा, गोविंद शर्मा, मीनू शाह, डॉ. नारायण झा, शशि झा, राधा जायसवाल, गंगा गुरुंग, पवित्रा आले, सुरेखा आले, बिंदिया राणा, मुकेश जायसवाल, प्रकाश गुरुंग, सोहन राणा आदि मौजूद रहे।

गीत मल्हार के साथ महिलाएं झूले पर झूलीं

महोत्सव के समापन से पूर्व महिलाओं झूला डालकर सावन के गीत, मल्हार पर माहौल में मस्ती घोल दी। महिलाएं देर शाम तक 'झुला झूल रही सब सखियां, आई हरयाली तीज आज, राधा संग में झूलें कान्हा झूमें अब तो सारा बाग़..., जैसे कई अन्य सावन के गीतों पर देर तक झूला झूलती रहीं।

अटकफार्म में नेपाली व्यंजनों का लुत्फ लिया

अटकफार्म-तेलपुरा में आयोजित तीज महोत्सव में नेपाली व्यंजन परोसे गए। नेपाली समुदाय के साथ ही अन्य लोगों ने भी महोत्सव में भाग लिया। इस दौरान नेपाली, गढ़वाली सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। मुख्य अतिथि मीना शर्मा, खेमलता नेगी, ग्राम प्रधान सुनीता देवी, बल बहादुर थापा मौजूद रहे।

## पछुवादून में पंडित गोविंद बल्लभ पंत को किया नमन

विकासनगर। उत्तर प्रदेश (तत्कालीन संयुक्त प्रांत) के प्रथम मुख्यमंत्री भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत को उनकी जयंती पर पछुवादून में याद किया गया। पछुवादून विकास मंच की ओर से हरबर्टपुर में उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। मंच संयोजक अतुल शर्मा ने कहा कि स्वतंत्रता सैनानी के तौर पर गोविंद बल्लभ पंत जी को सदैव याद किया जाता रहेगा। अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लड़ते हुए अनेकों बार जेल गए। वो उच्च कोटि के वक्ता एवं कुशल प्रशासक थे। महात्मा गांधी के नेतृत्व में कई आंदोलन की उन्होंने अगुवाई की। आजादी के बाद उत्तर प्रदेश के निर्माण की नींव रखने वाले पंडित गोविंद बल्लभ पंत उराखंड के अल्मोड़ा जनपद के मूल निवासी थे। कहा कि आज वो हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके आदर्श, कार्य, सिद्धांत हमें सदा उनकी याद दिलाते रहेंगे। वर्तमान दौर के नेताओं को ऐसे महान राजनीतज्ञों से सीख लेने की आवश्यकता है। इस अवसर पर मंच के आलोक खंक्रियाल, आमोद शर्मा, मुकेश राज शर्मा, संजीव गुप्ता, नवीन कुमार, राकेश कश्यप, मोहन खत्री, अमन बिजल्वाण, सुधीर कुमार, उपेंद्र कुमार, वीर सिंह राणा आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### धारानौला टैक्सी यूनियन के चुनाव पर एसडीएम ने लगाई रोक

अल्मोडा। जय श्री राम मालिक एवं टैक्सी समिति धारानौला के चुनाव पर एसडीएम सदर ने रोक लगा दी है। शिकायत मिलने के बाद शांति भंग की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने यह निर्णय लिया है। रविवार को जय श्री राम मालिक एवं टैक्सी समिति धारानौला का चुनाव सम्पन्न होना था। लेकिन कई टैक्सी चालकों ने डीएम और एसएसपी से चुनावों के संबंध में एक शिकायत की थी। जिसमें समिति की ओर से कराए जा रहे चुनावों को नियम विरूद्ध बताया गया था। शिकायत में कहा गया था कि समिति का अभी रजिस्ट्रेशन भी नहीं है। साथ ही समिति द्वारा स्थानीय टैक्सी चालकों के नाम हटा कर संगठन बनाया गया है और मनमाने तरीके से चुनाव कराने की साजिश की जा रही है। ऐसे में निष्पक्ष चुनाव की संभावना काफी कम है। शिकायतकर्ताओं में दीपक सिंह बिष्ट, बिशन सिंह बिष्ट, नंदन सिंह, जगदीश, हरीश, साकेत साह आदि शामिल रहे।

### रानीखेत में धूमधाम से मनाई गई भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की जयंती

अल्मोड़ा। भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत का 136वां जन्मदिन समारोह शिवमन्दिर गजानन सभागार में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मनाया गया। समारोह के प्रारम्भ में समिति सदस्यों ने पंत पार्क में प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। आयोजन समिति अध्यक्ष विमल सती ने मुख्य अतिथि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आनन्द सिंह बिष्ट को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। गजानन हाल में आज़ादी की लड़ाई के पुरोधा और कुशल प्रशासक पंडित गोविंद बल्लभ पंत के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। मुख्य अतिथि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आनन्द सिंह बिष्ट ने कहा कि पंत जी के आदर्शों और मूल्यों से प्रेरणा लेकर देश के नव निर्माण में अपना  योगदान देना कृतज्ञ नागरिकों की ओर? से उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने नई पीढ़ी से पंडित गोविंद बल्लभ पंत के विराट व्यक्तित्व से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। पंडित गोविंद बल्लभ पंत जन्मदिन समारोह समिति के अध्यक्ष विमल? सती ने पंत जी को महान समाज सुधारक बताते हुए कहा कि उन्होंने देश?व समाज के गरीब, दलित, शोषित, वंचित व पिछड़े वर्ग को ऊपर उठाते हुए सामाजिक सुधार की दिशा में अग्रिम योगदान दिया। इस अवसर पर नेशनल इंटर कॉलेज, जे एंड जे सिटी मांटेसरी स्कूल, गोविंद मैमोरियल स्प्रिंग फील्ड पब्लिक स्कूल, छावनी इंटर कॉलेज, विवेकानंद विद्या मंदिर उमा विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देश भक्ति गीत प्रस्तुत किए। विशिष्ट अतिथि भुवन चंद्र साह, वरिष्ठ नागरिक कैलाश पांडे और मोहन नेगी ने भी अपने संबोधन में पंडित गोविंद बल्लभ पंत के राष्ट्र उत्थान में योगदान को याद किया। मुख्य अतिथि स्वतंत्रता सेनानी आनन्द सिंह बिष्ट सहित मंचासीन अतिथियों व आयोजन समिति सदस्यों ने स्कूली बच्चों को पुरस्कार वितरित किए। विद्यालयों को भी विद्यालय सम्मान चिह्न से सम्मानित किया गया। वरिष्ठ नागरिक रामेश्वर प्रसाद गोयल को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजन समिति के हरीश लाल साह, राजेन्द्र पंत, गौरव भट्ट, गौरव तिवारी सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं व नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहन नेगी व संचालन दीपक पंत ने किया।

### भारी बारिश के बीच निशुल्क चिकित्सा शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे लोग, निःशुल्क दवाईयां हुई वितरित

अल्मोड़ा। पूर्व दर्जामंत्री बिट्टू कर्नाटक के द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन रविवार को सुंदरपुर हवालबाग में किया गया। बौनी हाउस में आयोजित शिविर प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक संचालित किया गया। यहाँ शिविर में हृदय रोग, नेत्र रोग, बाल रोग, शारीरिक रोग, श्वास एवं छाती रोग, स्त्री रोगों की जांच एवं निशुल्क उपचार किया गया। मरीजों एवं उनके तीमारदारों को शिविर में लाने एवं छोडऩे तथा भोजन की व्यवस्था भी कर्नाटक द्वारा की गई। विधानसभा के एक हजार दो सौ से अधिक लोगों ने इस निशुल्क चिकित्सा शिविर में अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। रविवार को भारी बारिश के बीच प्रातः से ही लोगों का इस चिकित्सा शिविर में पहुंचने का सिलसिला प्रारम्भ हुआ। अधिकांश लोग कर्नाटक के द्वारा लगाए गए एक दर्जन से अधिक वाहनों से इस शिविर में पहुंचे।परीक्षण के बाद इन्हीं वाहनों से उन्हें वापस भी छोड़ा गया। शिविर में आए बारह सौ से अधिक लोगों के भोजन की व्यवस्था भी कर्नाटक के द्वारा शिविर में ही की गई थी। चिकित्सा शिविर में हृदय रोग के डाक्टर लक्ष्मण एवं उनकी टीम, आंख के डाक्टर जे सी दुर्गापाल एवं उनकी टीम, बाल रोग विशेषज्ञ डाक्टर ओमप्रकाश, श्वास एवं चेस्ट फिजिशियन डाक्टर राहुल, जनरल फिजिशियन डाक्टर रक्षित, गाइनोकोलोजिस्ट डाक्टर दीक्षित, काउंसलर भावना नेगी शामिल रहे। इस अवसर पर कर्नाटक के साथ रोहित शैली, हेम जोशी, हरिकृष्ण गोनी, देवेन्द्र कर्नाटक, रश्मि काण्डपाल, कविता पाण्डेय, आशा मेहता, पायल काण्डपाल, प्रकाश काण्डपाल, दीपक पोखरिया, उमेश पाण्डेय, रवि रौतेला, अमर बोरा, प्रकाश मेहता, सुन्दर सिंह आदि ने इस स्वास्थ्य शिविर में अपना सहयोग प्रदान किया।

### दो दिवसीय सेमीनार में 282 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया

विकासनगर। जेबीआईटी देहरादून के इलेक्ट्रॉनिक एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग ने रविवार को ग्राफीन एवं कार्बन नैनोट्यूब बेस्ट सेंसर टेक्नोलॉजी पर एक दिवसीय ऑनलाइन अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया, जिसमें देश-विदेश से 282 प्रतिभागी शमिल हुए। सेमिनार में डॉ. राकेश कुमार ने देश-विदेश से ऑनलाइन माध्यम से जुड़े 282 प्रतिभागियों को नैनो टेक्नोलॉजी बेस्ट सेंसर टेक्नोलॉजी पर अपना व्याख्यान दिया, जिसमें डॉ. कुमार ने आम जीवन से लेकर आसमान में रॉकेट्स और रॉबर्स इत्यादि में प्रयोग होने वाले सेंसर्स की बेहतरीन जानकारी से भी अवगत करवाया। उन्होंने यूरोपीय देशों में खासकर यूनाइटेड किंगडम में शिक्षा के क्षेत्र में स्कॉलरशिप और फंडिंग पर भारत और अन्य देशों के प्रतिभागियों के साथ लंबी चर्चा करके बेहतरीन जानकारी दी। डॉ. राकेश कुमार कहा की जेबीआईटी इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी के साथ फॉरेन यूनिवर्सिटीज के साथ फैकल्टी स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम, रिसर्च और इनोवेशन के साथ साथ अन्य क्षेत्र में मिलकर कार्य करेगें। जेबीआईटी ग्रुप के वाइस चेयरमैन संदीप सिंघल ने ई.सी.ई विभाग की सराहना करते हुए कहा की अंतरराष्ट्रीय सेमिनार से प्रतिभागियों को भविष्य में जोरदार लाभ मिलेगा डॉ राकेश कुमार के साथ मिलकर संस्थान रिसर्च और इनोवेशन के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी मिलकर कार्य करेगा। जेबीआईटी के निदेशक डॉक्टर पीके चौधरी ने इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के सेमिनार में उच्च स्तरीय सेंसर प्रौद्योगिकी के ज्ञान से प्रतिभागियों को पारंगत किया गया। डॉक्टर विशांत कुमार ने कहा की जेबीआईटी ग्रुप मजबूती के साथ इंडस्ट्री एकेडमी पार्टनरशिप पर काम कर रहा है।

# रोटरी क्लब दून शिवालिक हिल्स ने शिक्षकों को किया सम्मानित

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। रोटरी क्लब दून शिवालिक हिल्स की ओर से रविवार को शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में स्किल्ड स्कूल में प्रतिभावान शिक्षकों को सम्मानित किया गया। आयोजन के मुख्यअतिथि डायरेक्टर दून ग्लोबल स्कूल क्रिस्टोफर हैंन्वे रहे। उन्होंने शिक्षकों का आभार वयक्त किया और उनके नए भारत निर्माण में सहयोग की सराहना की। आयोजकों ने बताया कि यह पुरस्कार रोटरी इंडिया लिटरेसी मिशन के अंतर्गत हर साल शिक्षकों के योगदान के लिए दिए जाते हैं। शिक्षा, कौशल विकास, सांस्कृतिक, खेलकूद व व्यवहारिक ज्ञान से सम्बंधित क्षेत्रों के शिक्षाविदों को इसमें सम्मलित किया जाता है। रोटरी क्लब के अध्यक्ष दिव्येश गर्ग, सचिव प्रशांत घिल्डयाल व प्रोग्राम आयोजक अंकित अग्रवाल ने पुरस्कारों का वितरण किया और सभी अतिथिओं का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब से डॉ जयंत नवानी, रसिक भाटिया, अनिल धस्माना, अजय, पुनीत व कविता टंडन आदि मौजूद थे।

इन शिक्षकों को किया सम्मानितः हाईब्रो एजुकेशन से कविता पंत, दून स्कूल से अंजन कुमार, आनंद कुमार, श्री राम स्कूल से नवीता मल्होत्रा, वर्व एजुकेशन से सिद्धार्थ प्रताप सिंह, जेएनवी से अंजुला टम्टा, आशा चेतक स्कूल से शीतल सिन्हा, बुकमाय ट्यूट्स से तारू मेहेन, शेमरॉक रेनबो से सुनील अग्रवाल, साई ग्रेस अकादमी से वैशाली सिंह, डब्ल्यूआईटी से अंकुर दुमका, शिवालिक अकादमी से तान्या त्यागी, जेएमडीआई से प्रणीत मेहता, यूपीइएस से डॉ निशांत मिश्रा, दिव्या रावत, इन्फिनिटी ट्यूटोरियल्स से डॉ कुशाग्र शर्मा, शिक्षांकुर स्कूल से वसुन्धरा गुप्ता, दून ग्लोबल स्कूल से फराह सईद को सम्मानित किया गया।

## 28 शिक्षकों को नेशन बिल्डर अवार्ड से सम्मानित किया

हल्द्वानी। शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में रोटरी क्लब हल्द्वानी ने की तरफ से राजकीय विद्यालयों के 28 शिक्षकों को नेशन बिल्डर अवार्ड से सम्मानित किया। रविवार को नैनीताल रोड स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी एचके मिश्रा, रोटरी लिटरीसी डायरेक्टर एमसी डालाकोटी, गेस्ट ऑफ ऑनर मनोज शाह, स्पेशल गेस्ट छॉ.बिपिन चंद्र पांडे, इलेक्ट्रीकल एसोसिएशन के अध्यक्ष नेत्र बल्लभ जोशी आदि अतिथियों ने शिरकत की। संचालन रोटेरियन डा. प्रवींद्र रौतेला ने किया। यहां क्लब अध्यक्ष सुनील जोशी, सचिव आशीष दुम्का, श्रीष पाठक, बृज मोहन मेहता, आरआर आर्या, अनिल जोशी, अनिल कर्नाटक, ललित मोहन भट्ट, नवीन चन्द्र पांडे, पीएस पपोला आदि मौजूद रहे।

## तीन दिन से लापता युवक का शव सिंचाई गूल में मिला

हल्द्वानी। तीन दिन से लापता युवक का शव उदयपुर बंदोबस्ती गांव की सिंचाई गूल में मिला है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। पीरुमदारा चौकी इंचार्ज राजेश जोशी ने बताया रविवार को एक युवक का शव उदयपुर बंदोबस्ती गांव की सिंचाई नहर में पड़े होने की सूचना मिली। टीम ने मौके पर पहुंचकर शव बाहर निकालकर शिनाख्त कराई तो उसकी पहचान जगदीशनाथ (30) पुत्र गोविंदनाथ निवासी भगुवाबंगर के रूप हुई। पुलिस की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने बताया जगदीश तीन से लापता था। इसके बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर उन्हें सौंप दिया गया। चौकी इंचार्ज जोशी ने बताया पोस्टमार्टम के बाद मौत के असली कारणों का पता चल पाएगा।

## संपादकीय

# जी-20 में अफ्रीकी संघ

राजधानी दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन में भारत ने कुछ अभूतपूर्व, वैश्विक और कूटनीतिक सफलताएं हासिल की हैं। सम्मेलन की शुरुआत के बाद 10 मिनट में ही प्रधानमंत्री मोदी ने 'अफ्रीकी संघ' को जी-20 का स्थायी सदस्य बनाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित करा लिया। यही नहीं, संघ के अध्यक्ष अजाली असौमानी को अपना स्थान ग्रहण करने को आमंत्रित भी किया। वह आए और प्रधानमंत्री मोदी से गले मिले और फिर स्थान ग्रहण किया। यकीनन यह ऐसा क्रांतिकारी निर्णय था कि एक साथ 55 अफ्रीकी देश झूम उठे होंगे, क्योंकि हाशिए से उठकर वैश्विक मुख्यधारा का हिस्सा बनने का उन्हें अवसर मिला है। अब तीसरी दुनिया अथवा ग्लोबल साउथ का एक हिस्सा विश्व की विकसित तथा सबसे तेज अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों से जुड़ेगा। ज्यादातर अफ्रीकी देश गरीब, पिछड़े, बीमार, कुपोषित और भुखमरी के शिकार रहे हैं। कुछ देश आर्थिक विकास के रास्ते पर आगे बढने लगे थे, लेकिन कोरोना महामारी ने बहुत कुछ ध्वस्त कर दिया। चीन ने इन देशों की दुरावस्था का नाजायज फायदा उठाया है। हालांकि उसका निवेश 300 अरब डॉलर से अधिक का है। वह 9 अफ्रीकी देशों के अंतरिक्ष कार्यक्रम में भी मदद कर रहा है। करीब 10 हजार कंपनियां अलग-अलग अफ्रीकी देशों में कार्यरत हैं, लेकिन अफ्रीकी देश महसूस करते हैं कि वे चीन के कर्ज तले दबे हैं, लिहाजा उससे मुक्ति चाहते हैं। भारत उनके लिए 'देवदूत' साबित हो सकता है। वैसे भी भारत अफ्रीकी देशों में 197 परियोजनाएं सम्पन्न कर चुका है। अब भी भारत की 182 से अधिक परियोजनाएं जारी हैं। अफ्रीकी देशों के 25,000 से ज्यादा छात्र भारत में पढ़ते हैं। हमने 12 अरब डॉलर का कर्ज बेहद कम ब्याज दरों पर अफ्रीकी देशों को मुहैया कराया है। भारत ने कोरोना महामारी के टीके, जेनेरिक दवाइयां, खाद्य सामग्री आदि भी उपलब्ध कराई हैं और हम अफ्रीकी आबादी को कंप्यूटर और उससे जुड़े प्रशिक्षण भी दे रहे हैं। भारत कृषि, स्वास्थ्य, फॉर्मेसी, कपड़ा, ऑटोमोबाइल, बैंकिंग, सूचना प्रौद्योगिकी, ऊर्जा और ढांचागत विकास कार्यों आदि में काम कर रहा है। भारत अफ्रीकी देशों में सबसे बड़े निवेशकों में एक देश है। अब 'अफ्रीकी संघ' के जी-20 के स्थायी सदस्य बनने के बाद उन्हें अधिक आसान ऋण, निवेश और विकास बैंकों की मदद भी मिल सकेगी। यही जी-20 के 'एक पृथ्वी, एक परिवार' के सूत्रवाक्य को चरितार्थ कर रहा है।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**

**संपादक :** मौ.सलीम सैफी, **कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002, **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094
**Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
**न्याय क्षेत्राधिकार :** जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## पेंशनर्स हेतु ओपीडी में कैशलेस सुविधा लागू करने की मांग

देहरादून। गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर संगठन की बैठक में पेंशनर्स ने ओपीडी में कैशलेस सुविधा लागू करने की मांग की है। इसके साथ ही गोल्डन कार्ड योजना में शामिल होने के इच्छुक पेंशनर्स को दोबारा विकल्प भरने की सुविधा देने की मांग की है। रविवार को संघ भवन में हुई बैठक में वक्ताओं ने कहा कि गोल्डन कार्ड योजना में पेंशनर्स से एकत्रित करोड़ों रुपये की धनराशि पेंशन चिकित्सा पर खर्च की जानी है। इसमें सरकार का अनुदान शामिल नहीं हैं। ऐसे में सरकार को दोनों मांगों के निराकरण में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। कहा कि उच्च न्यायालय की ओर से कोई ऐसे आदेश नहीं दिए गए हैं, जिसमें पेंशनर्स के हित से संबंधित मांगें मानने में कोई विधिक आपत्ति हो। इस मौके पर चौधरी ओमवीर सिंह, दीपचंद शर्मा, लक्ष्मीकांत मिश्रा, पीसी खंतवाल, दिनेश जोशी, विजेंद्र कुमार, हेमेंद्र रौतेला, सुशील त्यागी, चंद्रभान मुल्तानी, प्रेमाद कुमार सैनी, दिनेश सुंदरियाल, अनिल कुमार पैन्यूली, राजेंद्र पाल सिंह, नरेंद्र सिंह रावत, किशोर सिंह नेगी, ऋषिपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## पुरानी पेंशन बहाली को एक अक्तूबर को दिल्ली कूच

देहरादून। पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन के बैनर तले एक अक्तूबर को कर्मचारी दिल्ली कूच करेंगे। रविवार को हुई बैठक में सचिवालय संघ समेत तमाम अन्य कर्मचारी संगठनों ने दिल्ली कूच को अपना समर्थन दिया। दिल्ली कूच को सफल बनाने को एमएमओपीएस की ओर से जागरुकता अभियान के साथ ही सदस्यता अभियान भी चलाया जा रहा है। अभी तक 50 से अधिक मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठन इस मुहिम में शामिल हो चुके हैं। सचिवालय संघ की ओर से भी मुहिम को अपना समर्थन दिया गया। उत्तराखंड सचिवालय सहायक संघ, उत्तराखंड सीधी भर्ती अधिकारी संघ, उत्तराखंड सचिवालय राज्य संपत्ति वाहन चालक संघ, उत्तराखंड सचिवालय सुरक्षा संघ, उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ, उत्तराखंड फार्मासिस्ट महासंघ, उत्तरांचल पर्वतीय कर्मचारी शिक्षक संगठन, उत्तराखंड चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महासंघ भी समर्थन में आगे आए हैं। एनएमओपीएस के प्रदेश अध्यक्ष जीतमणि पैन्यूली ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाल कराने को लेकर देश भर का कर्मचारी संगठन एकजुट है।

## संक्षिप्त खबरें

### अंकिता भंडारी की पहली पुण्यतिथि पर निकालेंगे मशाल जुलूस

देहरादून। पहाड़ी स्वाभिमान सेना और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने रविवार को शहीद स्थल पर बैठक आयोजित की। जिसमें 18 सितंबर को अंकिता भंडारी की पहली पुण्यतिथि पर प्रदेशभर में मशाल जुलूस निकालने व कैंडल मार्च करने का निर्णय लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि अब वीआईपी के नाम का खुलासा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि सबूत मिटाने के लिए रिसॉर्ट तोडने की आरोपी विधायक के खिलाफ भी कार्रवाई नहीं हुई। फास्ट ट्रैक कोर्ट में भी मामले की सुनवाई नहीं हो रही। बैठक में तय किया गया कि अंकिता को न्याय दिलाने के लिये 18 सितंबर को मशाल जुलूस, कैंडल मार्च निकाला जाएगा। साथ ही हर घर एक दिया अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान आंदोलनकारी मंच से अध्यक्ष जगमोहन सिंह नेगी, प्रदीप कुकरेती, पहाड़ी स्वाभिमान सेना से प्रमोद काला, योगेश बिष्ट, पंकज उनियाल, अनिकेत नौटियाल, सुलोचना भट्ट, लूसून टोडरिया, मीनाक्षी घिल्डियाल, प्रशांत कांडपाल, नितिन उपाध्याय,आशीष कुकरेती, पंकज नेगी, डीपी राणाकोटि, देवचंद्र उत्तराखंडी, दुर्गेश कैंथोला आदि मौजूद थे।

### अपनी सरकार के जनविरोधी निर्णय के लिए उपवास करें हरीश रावत : बिपिन कैंथोला

देहरादून। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता बिपिन कैंथोला ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत को अपनी सरकार के समय लिए गए जनविरोधी निर्णय के लिए उपवास करना चाहिए। हरीश रावत के उपवास कार्यक्रम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कैंथोला ने कहा कि कांग्रेस सरकार में 27 जनवरी 2014 को उत्तराखंड सडक़ पाश्र्व भूमि संशोधन अधिनियम पारित हुआ था। तब पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत व अन्य कांग्रेस नेताओं की जबान नहीं खुली थी। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने यह जनविरोधी निर्णय लिया तो किसी ने न धरना दिया और न उपवास किया। उन्होंने कहा कि आज सस्ती लोकप्रियता के लिए कांग्रेस के नेता हल्की राजनीति कर रहे हैं।

### पूर्व सैनिकों ने हिमालय बचाने की शपथ ली

देहरादून। ईएमई कोर सेवानृवित्त गैर राजनीति सैनिक संस्था ने हिमालय बचाओ अभियान के तहत हिमालय संरक्षण की शपथ ली। पूर्व सैनिकों ने अधिक से अधिक पौधरोपण करने, जंगलों को आग से बचाने, पॉलिथिन का उपयोग नहीं करने, कूड़ेदान का इस्तेमाल करने का संकल्प लिया। इस मौके पर अध्यक्ष पीबी थापा, संस्थान आरएन असवाल आदि मौजूद रहे।

### पुलिस कर्मियों ने पंत के आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया

पिथौरागढ़। सीमांत में पुलिस विभाग में कार्यरत पुलिस कर्मियों ने भारत रत्न पं. गोविन्द बल्लभ पंत के आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया। रविवार को एसपी लोकेश्वर सिंह के निर्देश पर नगर के टकाना स्थित पुलिस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सीओ नरेंद्र पंत ने पंत के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने कर्मियों से पंत के बताए आदर्शो पर चलने का आह्वान किया। इधर पुलिस लाइन में भी प्रतिसार निरीक्षक नरेंद्र आर्या के नेतृत्व में श्रद्धांजलि दी गई। जिला मुख्यालय के अलावा अन्य थाने, चौकियों में पंत जयंती उत्साह से मनाई गई।

### वेतन वृद्धि होने पर परियोजना प्रमुख का आभार जताया

पिथौरागढ़। एनएचपीसी के धौली गंगा पावर स्टेशन में संविदा में तैनात कर्मियों ने वेतन व अन्य भत्तों पर वृद्धि होने पर परियोजना प्रमुख का आभार जताया है। संविदा कर्मियों ने परियोजना प्रमुख राजीव जैन का फूलमाला पहनाकर व पुष्प गुच्छ देकर आभार जताया। इस दौरान परियोजना प्रमुख जैन ने समस्त कर्मियों से समर्पित होकर कार्य करते हुए संस्थान को और आगे बढ़ाने को कहा।

### स्वरोजगार प्रशिक्षण केंद्र की महिलाओं को किया सम्मानित

हल्द्वानी। देवेंद्र सिंह जीना स्मृति निशुल्क स्वरोजगार प्रशिक्षण केंद्र की महिलाओं को सेवा संकल्प एवं हिल्स वेलफेयर सोसाइटी ने सम्मानित किया। रविवार को 24 महिलाओं की त्रैमासिक सिलाई-कटाई प्रशिक्षण के पहले बैच के समापन पर परिणाम घोषित किए गए। जिसमें सबसे अधिक उपस्थिति के लिए ज्योति राना, बेस्ट फाइल बनाने के लिए विनीता और मोस्ट एक्टिव प्रशिक्षार्थी के लिए धना बिष्ट को सम्मानित किया गया। यह सम्मान मुख्य अतिथि जिपं अध्यक्ष बेला तोलिया, विजय पाल ने दिया। इस दौरान केंद्र में बनाई वस्तुओं का प्रदर्शन भी किया गया।

### गर्जिया-बेतालघाट मार्ग को आपदा मद से निर्माण कराने के निर्देश

हल्द्वानी। केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने रामनगर के अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को जल्द से जल्द गर्जिया से बेतालघाट मोटर मार्ग के पुनर्निर्माण कराने के निर्देश दिए हैं। भट्ट ने बताया कि स्थानीय लोगों ने गर्जिया-बेतालघाट मोटर मार्ग के आपदा से क्षतिग्रस्त होने की शिकायत की थी। साथ ही उसकी वजह से आवागमन बाधित होने की समस्या भी सामने रखी थी। इस मार्ग से घूघतीधार, अमेल, कटीमी गाजर, विषगुली व बेतालघाट समेत कई अन्य ग्राम पंचायत जुड़ते हैं। मार्ग बंद होने की वजह से ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बताया कि मुख्यमंत्री ने गड्ढा मुक्त सडक़ बनाए जाने के निर्देश दिए हैं।

### उत्तराखंड में राष्ट्रवादी रीजनल पार्टी का गठन

देहरादून। उत्तराखंड में एक नए क्षेत्रीय दल राष्ट्रवादी रीजनल पार्टी का गठन हो गया है। पहले दिन कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली। पार्टी आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों में सभी सीटों पर दावेदारी करेगी। उत्तरांचल प्रेस क्लब में रविवार को पार्टी के संयोजक शिवप्रसाद सेमवाल ने राष्ट्रवादी रीजनल पार्टी का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में राष्ट्रीय पार्टियां यहां के स्थानीय मुद्दों पर ध्यान नहीं दे रहीं। भू-कानून अभी तक नहीं बना है। मूल निवासी को स्थायी निवास में बदलकर यहां के लोगों को छला गया है। फर्जी तरीके से स्थायी निवास बनाने वालों के खिलाफ कार्रवाई तक नहीं हो रही। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक ऐसे दल की जरूरत है, जो यहां के लोगों की जरूरतों और समस्याओं को समझ सके। पार्टी निकाय चुनाव में भी सभी सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी। सुलोचना ईष्टवाल ने कहा कि हालिया वर्षों के चुनावों में भाजपा, कांग्रेस के बाद नोटा को सर्वाधिक वोट मिले हैं, इसका मतलब है कि क्षेत्रीय पार्टियां जनता का विश्वास जीतने मे नाकाम रहीं। लिहाजा एक सशक्त क्षेत्रीय दल की जरूरत है। राजेंद्र पंत ने कहा कि जल्द ही सभी जिलों में संगठन तैयार कर दिया जाएगा। इस दौरान मनोरमा चमोली, शशि दत्ता, उषा मोलासि, मंजु रावत, कलावती नेगी, श्रुति गुप्ता, चिरंजि लाल सेमवाल, आशीष उनियाल, अर्जुन भंडारी, मदोप सिंह पवार, सुमित सिंधवाल, मोहन गुसाईं, राजेंद्र प्रसाद भट्ट ने पार्टी की सदस्यता ली।

# राज्यपाल गुरमीत सिंह उत्तराखण्ड लोक नृत्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रतिभाग



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने रविवार को हिमालयन सांस्कृतिक केन्द्र, गढ़ी कैंट में आयोजित उत्तराखण्ड लोक नृत्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर राज्यपाल ने जौनसारी हारूल गीत ''हनोल सेवा'' के पोस्टर का विमोचन किया। लोकगायक मीना राणा, अत्तर शाह, नरेश बादशाह और सुरेन्द्र वर्मा के सुरों में इस हारूल में प्रभु पंवार और मास्टर करन ने संगीत दिया है।

सांस्कृतिक उत्सव में स्थानीय लोकगायकों एवं कलाकारों द्वारा अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। लोक कलाकारों द्वारा उत्तराखण्ड की लोक संस्कृति और लोकनृत्य पर आधारित प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर

■ **जौनसारी हारूल गीत ''हनोल सेवा'' के पोस्टर का विमोचन**

दिया। कार्यक्रम में लोकगायक मीना राणा, अत्तर शाह, हेमा करासी आदि ने अपने गायन से समा बांध लिया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत लोक कला पूरे विश्व में एक अलग स्थान रखती है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी संस्कृति और विरासत पर गर्व है। उन्होंने कहा कि पौराणिक काल से ही यहां की लोक संस्कृति लोगों को जीने की राह दिखाती है। यहां के मेले, त्यौहार और यहां की परंपराएं बिल्कुल अलग हैं जो हमें अपनी जड़ों से जोड़ती हैं। राज्यपाल ने कहा कि हमें अपनी संस्कृति को आगे बढ़ाते हुए अपने आने वाली पीढ़ी के लिए संजोकर रखना होगा। उन्होंने कहा कि हमारी समृद्ध संस्कृति का प्रचार-प्रसार पूरे विश्व में किया जाना बेहद जरूरी है। उन्होंने इस आयोजन में अपनी प्रस्तुतियां देने वाले सभी कलाकारों की प्रदर्शन के लिए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और उनका हौंसला बढ़ाया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि उत्तराखण्ड के गौरवमयी लोक परंम्पारिक एवं पौराणिक अध्यात्मिक लोक सांस्कृतिक विरासत भारत में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में अलग है। अनादि काल से उत्तराखण्ड की भूमि, भारतीय दर्शन, चिंतन, मनन, अध्यात्म, साधना एवं संस्कृति का केन्द्र रही है।

यहां की साहित्य कला एवं संस्कृति ने वर्षों से भारतीय संस्कृति को परिष्कृत किया है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने संस्कृति विभाग द्वारा सांस्कृतिक कलाकारों के प्रोत्साहन हेतु चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री अमृता रावत, विधायक सविता कपूर, सचिव संस्कृति हरीश चन्द्र सेमवाल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# देहरादून में ज्ञान गंगा सम्मान से 37 शिक्षकों को नवाजा

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। कुसुम कांता फाउंडेशन और मंथन वेलफेयर सोसाइटी ने 37 शिक्षकों को ज्ञान गंगा सम्मान से नवाजा। मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री डॉ.रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि शिक्षक ही समाज में बड़ा बदलाव ला सकते हैं। उन्होंने नई शिक्षा नीति की उपयोगिता बताई और कहा कि शिक्षक और छात्रों के समन्वय से भारत फिर विश्वगुरु बनेगा। विशिष्ट अतिथि विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने कहा कि मां ही बच्चे को वह संस्कार सिखाती है, जिससे वह सफल और अच्छे नागरिक बनते हैं। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि वह अपने छात्रों की प्रतिभा को पहचानें और उन्हें सही राह दिखाएं। सनराइज एकेडमी के छात्रों ने प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में कुसुम कांता फाउंडेशन की संस्थापक विदुषी निशंक, संरक्षक डॉ. सविता मोहन, परियोजना प्रमुख शिवानी गुप्ता और मंथन वेलफेयर सोसाइटी की सचिव पूजा पोखरियाल, मौजूद रहीं। संचालन अनीता चंदन ने किया।

इन्हें किया गया सम्मानितः लक्ष्मण सिंह चौहान, शिवालिक स्कूल ऋषिकेश, नर्वदा राणा व भावना नैथानी जीजीआईसी अजबपुर, डा.अखिलेश शर्मा व नीरज अग्रवाल विद्या मंदिर धर्मपुर, महेश चन्द्र गुप्ता व पंकज सेमवाल विद्या मंदिर डोईवाला, रमेंद्र राणा, गिरीश घिल्डियाल व पंकज गैरोला राइका बड़ासी, दीपक भारद्वाज भागीरथी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ऋषिकेश, शालिनी रावत व मुकेश रावत सेंट एगनेस स्कूल, कमलेश मिश्रा व राजेश गैरोला राइका माजरीमाफी, एचएस गुसांईं व एसएस रावत राइका रानीपोखरी, राकेश मोहन डबराल व एमएस मेहता लक्ष्मण विद्यालय इंटर कॉलेज, प्रतिभा पाठक व अमेश कुमार एसजीआरआर नेहरूग्राम, डा.रविन्द्र सैनी व सुरेन्द्र मदान एसजीआरआर सहसपुर, देवेन्द्र कंडारी खदरी श्यामपुर इंटर कॉलेज, पूनम शर्मा व सीमा ठियाल आर्दश इंटर कॉलेज ऋषिकेश, आलोक बिजल्वाण, एसजीआरआर सहसपुर, एसपी त्रिपाठी व नीतूडीएवी इंटर कालेज प्रेमनगर, अंकित टुटेजा, धर्म प्रकाश नौटियाल, पूनम कुडियाल, दीपा शर्मा स्वामी दयानंद सरस्वती स्कूल चन्द्रेश्वर नगर ऋषिकेश, शिक्षिका, डा.राकेश सैनी, डीआईटी यूनिवर्सिटी, शारदा सैनी विकासनगर, रणवीर पुंडीर राइका श्यामपुर डोईवाला, प्रीति चमोली अटल उत्कृष्ट विद्यालय जाखणीधार को सम्मानित किया गया।

# गढ़वाल भातृ मंडल ने तैयार की गढ़ कौथिग की रूपरेखा

देहरादून। गढ़वाल भ्रातृ मंडल संस्था क्लेमनटाउन की बैठक में तीन दिवसीय गढ़ कौथिग की रूप रेखा तैयार की गई। गढ़ कौथिग तीन से पांच नवंबर तक मनाया जाएगा। वैल रोड स्थित गढ़ भवन में बैठक संस्था के अध्यक्ष सुंदर लाल सेमवाल की अध्यक्षता में हुई। कोषाध्यक्ष बिलोचन बर्थवाल ने संस्था के आय-व्यय का ब्यौरा रखा। महासचिव जयपाल सिंह रावत ने पिछले छह माह में किए गये कार्यों की जानकारी दी। साथ ही अगले छह माह में होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। इसमें तीन से पांच नवंबर तक होने वाले गढ़ कौथिग का ब्लू प्रिंट तैयार किया गया।

बताया कि इसमें गढ़वाली खाद्य व्यंजन, पहनावा, उत्तराखंड के औद्योगिक उत्पादन और विभिन्न प्रकार के मेडिकल स्टॉल लगाए जाएंगे। स्कूली बच्चों और संस्था की महिलाओं की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ ही प्रदेश के सांस्कृतिक दल और प्रसिद्ध गायक कलाकार भी अपनी प्रस्तुतियां देंगे। मेले को सफल बनाने के लिए मेलाधिकारी सुबेदार मेजर बादर सिंह रावत और सह मेलाधिकारी अशोक सुंदरियाल को हर मदद देने के बारे में आश्वस्त किया।

## संक्षिप्त खबरें

### जमीन दिलाने के नाम पर 6लाख की धोखाधड़ी

पिथौरागढ़। सीमांत में जमीन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। बेरीनाग के एक व्यक्ति से जमीन के नाम पर छह लाख रुपये ले लिए, लेकिन न तो जमीन दी और न ही अब धन दे रहा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बेरीनाग के मनोज पंत ने बीते रोज थाने में तहरीर दी। उनका कहना है कि धारचूला निवासी एक व्यक्ति से उनका कुछ समय पूर्व संपर्क हुआ। दोनों के बीच जिला मुख्यालय स्थित एंचोली में 14 मुठ्ठी भूमि को लेकर सौदा हुआ। बाद में उस व्यक्ति ने जमीन के लिए उनसे 6 लाख 50 हजार की डिमांड की। मनोज ने उक्त धनराशि धामी के बताए खाते में डाल दी, लेकिन आरोप है कि धन लेने के बावजूद उन्हें जमीन नहीं दी। उन्होंने जब उनसे अपना धन मांगा तो अब तक 50 हजार रुपये ही वापस दिए हैं। शेष छह लाख रुपये देने में वह आनाकानी कर रहे हैं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भादवि की धारा 420 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। इधर, आरोपी का भी पक्ष जानने की कोशिश की गई, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हुआ। प्रभारी निरीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले में जांच की जा रही है।

### अलर्ट जारीः काली नदी किनारे न जाने की सलाह

पिथौरागढ़। उच्च हिमालयी क्षेत्रों में भारी बारिश के चलते काली नदी चेतावनी निशान से ऊपर बह रही है। इसे देखते हुए प्रशासन ने नदी तट पर रहने वाले लोगों को सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं। जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार धारचूला में काली नदी का चेतावनी निशान 889 मीटर है। नदी 889.20मीटर पर बह रही है। इससे नदी किनारे की आबादी को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें आपदा का डर सताने लगा है। जलस्तर में वृद्धि को देखते हुए आपतकालीन परिचालन केंद्र की ओर से सभी संबंधित विभागों से कहा गया है कि वे जनसमुदाय को सावधानी बरतने और नदी किनारे नहीं जाने को कहें। जलस्तर बढने से यदि किसी आबादी क्षेत्र, घरों को खतरे की आशंका लगे तो उन्हें सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया जाए।

### पेंशन विसंगतियों को दूर करने को किए जाएंगे प्रयास

पिथौरागढ़। आसाम राइफल्स एक्स सर्विसमैन वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक में पेंशन विसंगतियों का मुद्दा छाया रहा। संगठन का कहना है कि पेंशन विसंगतियों को दूर करने के लिए प्रयास किए जाएंगे। रविवार को नगर के तिलढुकरी स्थित एक होटल में एसोसिएशन की बैठक हुई। इस दौरान विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा हुई। वक्ताओं ने संगठन को मजबूत करने को सभी को एकजुट होकर कार्य करने पर जोर दिया। साथ ही सेवानिवृत्त होने वाले प्रत्येक व्यक्ति को संगठन का अनिवार्य तौर पर सदस्य बनाने की बात कही। यहां राम सिंह नगरकोटी, विशन सिंह बिष्ट, त्रिलोक सिंह रजवार, नारायण सिंह बिष्ट, नंदन सिंह, मोहन चंद्र पांडेय आदि मौजूद रहे।

### पूरा विश्व भारत के आशावादी प्रयासों की प्रशंसा कर रहाः भगत

हल्द्वानी। जी-20 सम्मेलन के सफलतम समापन पर कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने कहा पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत, बटी हुई दुनिया में सहमति का आधार स्तम्भ बनकर सामने आया है। रविवार को जारी बयान में विधायक भगत ने कहा कि आज पूरा विश्व भारत के आशावादी प्रयासों की प्रशंसा कर रहा है। विधायक भगत ने कहा जी-20 का सफल आयोजन कर भारत ने एक धरती एक परिवार एक भविष्य के संस्कारों के प्रदर्शन के साथ साथ कूटनीतिक जीत भी हासिल की है। भारत ने सम्मेलन में सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता का मुद्दा भी पुरजोर ढंग उठाया है। उन्होंने कहा कि इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप कनेक्टिविटी कॉरिडोर के रूप में एक बड़ी उपलब्धि दुनिया को मिली है। इस कॉरिडोर के निर्माण से भारत-यूरोप के बीच 40 प्रतिशत व्यापार में बढ़ोतरी की संभावनाएं जताई जा रही हैं।

### 36 खिलाडिय़ों ने ट्रायल में किया प्रतिभाग

हल्द्वानी। मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत रविवार को भी गौलापार अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में 19 से 21 वर्ष तक के खिलाडियों के ट्रायल हुए। जिसमें 36 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उपक्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल, किशोर पाल, त्रिलोक सिह जीना, हरीश उपाध्याय, महेश कपिल, डीएन त्रिपाठी, दीपक डंगवाल, विनय जोशी, पूनम मेहता, जगदीश जोशी, महेश फत्र्याल, मनीष वर्मा, विकास पंत, हर्ष गोयल, मो. आरिफ, आनंद बिष्ट, दीपिका, महेश बिष्ट, आनन्द देव, कल्पित चौसली, विमल रावत रहे।

### सीएचसी के प्रभारी विवाद में एडीएम पहुंचे गंगोलीहाट

पिथौरागढ़। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की प्रभारी और प्रवर सहायक के खिलाफ लोगों के आक्रोश के एक दिन बाद एडीएम व सीएमओं ने यहां आकर बारिश के बीच लोगों से वार्ता की। एडीएम ने प्रकरण में सीएमओ को विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के आदेश दिए। रविवार को जिला मुख्यालय से एडीएम डॉ. एसके बरनवाल और सीएमओ हीरा सिंह ह्यांकी यहां पहुंचे। इस दौरान उन्होंने लोगों से वार्ता कर आवश्यक जानकारी ली। व्यापार संघ अध्यक्ष हरीश धानिक, सचिव मनीष बिष्ट, सुरेश उप्रेती सहित अन्य लोगों ने सीएचसी प्रभारी पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में अस्पताल अनियमतिता का केंद्र बन गया है। बेवजह रोगियों को इलाज के लिए बाहर रेफर किया जा रहा है। आयुष्मान कार्ड के तहत गरीब जनता के कार्ड से हजारों रुपए इलाज के नाम पर काटे जा रहे हैं। एडीएम ने सीएमओ से जनता की ओर से की गई शिकायतों और उन पर हुई अब तक की कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट देने को कहा है। लोगों के आक्रोश व उग्र आंदोलन की चेतावनी के बाद प्रशासनिक अधिकारी प्रकरण में सक्रिय हुए हैं। यहां डॉ. कुन्दन कुमार, भगवती प्रसाद पंत, सुरेन्द्र बिष्ट, भूपेश पंत, प्यारे लाल साह, मेडिकल संघ के अध्यक्ष प्रदीप कोठारी, प्रदीप पंत आदि मौजूद रहे।

### मुनस्यारी के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में मौसम की दूसरी बर्फबारी

पिथौरागढ़। भारी बारिश के बाद पारा लुढक़ने से यहां उच्च हिमालयी क्षेत्र में मौसम का दूसरा हिमपात हुआ है। इससे यहां कड़ाके की ठंड पड़ रही है। रविवार को यहां जहां पूरे दिन भारी बारिश हुई वहीं उच्च हिमालयी क्षेत्र पंचचूली,राजरंभा,हसलिंग,नंदादेवी में बारिश के साथ ही मौसम की दूसरी बर्फबारी हुई है। बारिश व बर्फबारी के बाद तहसील मुख्यालय में न्यूनतम तापमान 6 डिग्री तक पहुंच गया है। लोगों ने कड़ाके की ठंड के बाद गर्म कपड़े पहनने। कई जगह लोग अलाव भी जलाकर ठंड से बचाव करते नजर आए। अब भी लगातार बारिश के कारण यहां लोगों की दिक्कत बढ़ी हुई है। क्षेत्र में नदियों का जल स्तर भी बारिश के बाद बढ़ गया है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत में 310 मामलों का हुआ निपटारा

पिथौरागढ़। राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह-समझौते के आधार पर 310 मामलों का निस्तारण किया गया। न्यायालय परिसर में आयोजित लोक अदालत में अधिकांश एमवी, एनआई, वैवाहिक मामलों का निस्तारण हुआ। बीते दिवस विभिन्न न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें जिला मुख्यालय में गठित बैंच संख्या 1 के पीठासीन अधिकारी जिला जज शंकर राज और सदस्य एडवोकेट निशांत पुनेडा ने 138 एनआई एक्ट के पांच, मोटर दुर्घटना के दो, बिजली बिल के एक और अपर जिला सत्र न्यायालय में एक 138 एनआई एक्ट के मामलों का निस्तारण किया गया।